ssnewsmp | SSNewsmp | ssnewsmp | Telegram - ssnewsmp | Android App - SSNews India | website;www.ssnewsmp.com

उज्जैन ,इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

# शब्द सरोवर

जहाँ खबर,वहाँ नजर

सांध्य दैनिक

वर्ष 31 अंक-333 | उज्जैन,शनिवार 13 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 8, मूल्य 1 रुपए



चैत्र नवरात्रि का पांचवां दिन मां स्कंद माता को समर्पित

## छिंदवाड़ा जिले की गेमर पायल धारे ने पीएम मोदी से की मुलाकात



छिंदवाड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारत के टॉप गेमर्स से बात की। इन गेमर्स में पायल धारे नामक युवती भी शामिल थीं, जो कि मध्य प्रदेश की ही रहने वाली है। पायल के यूट्यूब पर करीब 37 लाख सब्सक्राइबर्स है। उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई है। वे देश की एकमात्र महिला ऑनलाइन गेमर हैं।पायल धारे छिंदवाड़ा जिले के गांव उमरानाला की रहने वाली है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के भिलाई से इंजीनियरिंग की पढ़ाई है। उन्होंने 2019 में गेमिंग की दुनिया में कदम रखा था और इसमें पायल अब काफी सफल भी हो चुकी हैं।

# राजनाथ सिंह ने डायनासोर से की कांग्रेस की तुलना, बोले- विलुप्त होने की कगार पर पहुंची पार्टी

**गढ़वाल। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तरांड में भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस डायनासोर की तरह विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई है। कांग्रेस पार्टी बुढ़ी हो गई है, इसलिए वह पहाड़ नहीं चढ़ सकती है।**



राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में हर रोज नया ड्रामा हो रहा है। रोज कोई न कोई नेता कांग्रेस का पार्टी का हाथ छोड़ रहा है। सबको पता है कि भाजपा तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने वाली है। कांग्रेस का हाल बिग बॉस की तरह हो गया है, जिसमें रोज ड्रामा है। उन्होंने कहा कि भारत अपने पड़ोसियों से अच्छे संबंध रखना चाहता है, लेकिन सम्मान के साथ। हमें कोई आंख दिएगा, तो उसका उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा।राजनाथ सिंह ने गढ़वाल सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के लिए प्रचार किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का युवा सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करता है। हमारी ही सरकार है, जिसने पूर्व सैनिकों की मांग को मानते हुए वन रैंक वन पेंशन को मंजूरी दी।बलूनी के पक्ष में उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप गढ़वाल सीट से सिर्फ एक सांसद का ही चुनाव नहीं कर रहे हैं, बाकी तो आगे आप सब समझते ही हैं। उन्होंने कांग्रेस के शासन काल में हुए घोटालों का जिक्र कर कहा कि दस साल भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार चलाई, लेकिन भ्रष्टाचार का एक भी दाग इस सरकार पर नहीं लगा है।

## राहुल गांधी आज बस्तर में लेंगे चुनावी सभा

जगदलपुर। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शनिवार को बस्तर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा नगर पंचायत मुख्यालय स्थित लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में होगी। इसके लिए सारी तैयारियां कर ली गई हैं। राहुल गांधी कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के लिए वोट मांगेंगे।सभा के एक दिन पहले शुक्रवार शाम को पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, लोकसभा चुनाव संचालन समिति के संयोजक व बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के साथ बस्तर पहुंचे और सभा स्थल में तैयारियों का अवलोकन किया।बस्तर जिले का मुख्यालय जगदलपुर है तो बस्तर से 18 किलोमीटर दूर है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बस्तर आजादी से पहले रियासतकालीन राजधानी रही थी। लगभग 15 हजार की आबादी वाले बस्तर को 2008 में नगर पंचायत का दर्जा मिला था।

### मध्य और उत्तर पश्चिम भारत में 3 दिन हो सकती है बारिश

भोपाल। भारतीय मौसम विभाग ने उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में मौसम खराब होने की चेतावनी जारी की है। इस दौरान दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में भी तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना है। IMD के मुताबिक, 13 से 15 अप्रैल तक मध्य भारत में गरज के साथ हल्की से मध्यम वर्षा जारी रहने की संभावना है।

# पीएम मोदी रविवार को जारी करेंगे बीजेपी का घोषणा पत्र



नईदिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र जारी कर सकते हैं। जबकि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा के कई नेता राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी के मुख्यालय में मौजूद रहेंगे, जहां विज़न डॉक्यूमेंट जारी किया जाएगा। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। पिछले महीने घोषित की गई भाजपा की 27 सदस्यीय घोषणापत्र समिति की अध्यक्षता रक्षा मंत्री और पूर्व भाजपा प्रमुख राजनाथ सिंह करते हैं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल संयोजक और सह-संयोजक हैं।

बीजेपी के मुताबिक उसका मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास संकल्प पत्र पूरे देश के दृष्टिकोण का दस्तावेज है। अबकी बार 400 पार कॉल के साथ बीजेपी ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। सूची में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्रियों - विष्णु देव साय और मोहन यादव के नाम भी शामिल हैं। भाजपा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को भी चुनाव घोषणा पत्र समिति का सदस्य बनाया है।पैनल के सदस्यों में वसुंधरा राजे, स्मृति ईरानी, शिवराज सिंह चौहान, धर्मेंद्र प्रधान, अर्जुन मुंडा, अश्विनी वैष्णव, किरेन रिजिजू और अन्य जैसे शीर्ष भाजपा नेता भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 27 सदस्यीय समिति में चार राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हैं।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 15 अप्रैल को सुनवाई



नईदिल्ली। भारत का सर्वोच्च न्यायालय प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर 15 अप्रैल को सुनवाई करेगा। इस महीने की शुरुआत में, दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्रीय एजेंसी द्वारा उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखा था। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा उनकी याचिका खारिज किए जाने के बाद केजरीवाल ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया। यह आदेश न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने पारित किया, जिन्होंने कहा कि यह दिखाने के लिए सबूत हैं कि कथित घोटाले में केजरीवाल की संलिप्तता थी। उच्च न्यायालय ने आगे कहा कि रिश्वत के रूप में प्राप्त धन का इस्तेमाल 2022 के गोवा विधान सभा चुनावों में राजनीतिक प्रचार के लिए किया गया था ईडी की मनी लॉन्ड्रिंग जांच 2021-22 के लिए दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति में कथित अनियमितताओं के संबंध में 17 अगस्त, 2022 को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एक मामले से शुरू हुई है।

## –महाकाल हादसे पर कलेक्टर सख्त–

# प्रथम दृष्टया दोषी पर कार्यवाही, भक्तो में खुशी

## दोषी अधिकारी बिना जांच पूरी किए कार्यवाही पर प्रश्न उठवाने लगे

**(घनश्याम पटेल द्वारा)**

**उज्जैन//होली के दिन गर्भगृह में गुलाल से लगी आग और उसमें कई लोगो के घायल होने की घटना होते ही उज्जैन कलेक्टर नीरज सिंह ने तत्काल मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे अपने राजनैतिक एवं प्रशासनिक संबंधों के कारण अत्यंत पॉवर फूल माने जाने वाले प्रशासक संदीप सोनी को प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर पद से हटा दिया। जिससे एक और बाबा महाकाल के भक्तो में इस त्वरित कार्यवाही से कलेक्टर की दबंग कार्यप्रणाली को लेकर हर्ष व्याप्त है तो दूसरी ओर दोषी अधिकारी लामबंद हो जांच रिपोर्ट के पहले कार्यवाही को अवैधानिक बताकर मीडिया में खबरे जारी कर रहे है।**

उल्लेखनीय है की संदीप सोनी विगत 10 वर्षो से इंदौर एवं उज्जैन के अति महत्वपूर्ण मलाईदार पदो पर ही पदस्थ रहे है।अभी हाल ही में उनका उज्जैन से ट्रांसफर हो गया था किंतु जमावट में एक्सपर्ट संदीप सोनी ने हाथो हाथ अपना ट्रांसफर निरस्त करवा पुनः महाकाल प्रशासक का पद संभाल लिया।



उज्जैन कलेक्टर नीरज सिंह

महाकाल हादसे में हाल ही में इलाज के दौरान पहली मौत हुई है।आपको ध्यान होगा इंदौर में मंदिर की बावड़ी टूटने से 30 से अधिक मौत हुई थी किंतु उसकी मजिस्ट्रियल इंक्वारी में भी साल भर लग गया ।इसीलिए महाकाल हादसे के आरोपी भी आश्वस्त थे की अभी तो इंक्वारी का आदेश हुआ है महीनो-सालो लगेंगे किंतु कलेक्टर नीरज कुमार ने अपनी अलग कार्यशैली का परिचय दे हाथो हाथ प्रथम दृष्टया दोषी पर कार्यवाही कर दी। हादसे के आरोपी अब उक्त हादसे हेतु अन्य को भी आरोपी होने का इशारा धीरे धीरे मीडिया की मदद से आगे बढ़ा रहे है।ज्यादा भीड़ होने के कारण मुख्यमंत्री मोहन यादव के परिवार की उपस्थिति एवं एक वरिष्ठ अधिकारी के दल-बल सहित उपस्थित होने के फोटो वायरल कर रहे है।किंतु आरोपीगण भूल गए है की हादसा गर्भगृह में हुआ है और वहां इनमे से कोई नहीं था।

बहरहाल महाकाल हादसे के बाद उज्जैन कलेक्टर के तत्काल निर्णय लेकर अपने बेखौफ सख्त तेवर से सभी को परिचीत करवा दिया है।

## –वित्तीय लेनदेन में धोखाधड़ी का शिकार–

# पुलिस और कोर्ट के चक्कर से बचने के लिए मुन्नाभाई वसूली एजेंटो के चुंगल में फसने को मजबूर



इंदौर। हाल के दिनों में, वित्तीय धोखाधड़ी और धोखाधड़ी के मामले चिंताजनक रूप से प्रचलित हो गए हैं। ये घटनाएं न केवल व्यवसायों और इसमें शामिल व्यक्तियों की प्रतिष्ठा को धूमिल करती हैं, बल्कि आम जनता की वित्तीय सुरक्षा और विश्वास के लिए भी महत्वपूर्ण जोखिम पैदा करती हैं। ऐसा ही एक मामला जो वित्तीय लेनदेन में सतर्कता और जवाबदेही के महत्व पर प्रकाश डालता है।डॉ. जेम्स पाल ने बताया कि श्री मनोज जरिया के खिलाफ दायर की गई। पेशे से बढ़ई श्री जरिया के खिलाफ की गई शिकायत, उचित परिश्रम के बिना धन सौंपने के परिणामों को रेखांकित करती है। मार्च 2022 में, डॉ. पाल ने श्री जारिया को रुपये का पर्याप्त अग्रिम भुगतान सौंपा। अपने आवास को सुसज्जित करने के लिए कच्चे माल की खरीद के लिए 60,000 रु. हालाँकि, बार-बार आश्वासन देने के बावजूद, श्री जरिया अपने समझौते को पूरा करने में विफल रहे, न तो वादा की गई सामग्री वितरित की और न ही डॉ. पाल को राशि वापस की।

यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना वित्तीय लेनदेन में सावधानी और विवेक बरतने के महत्व की याद दिलाती है। डॉ. पाल की परेशानी को देखते हुए, अधिकारियों के लिए ऐसी शिकायतों की जांच और समाधान को प्राथमिकता देना अनिवार्य है। वित्तीय लेनदेन में भरोसा और विश्वास पैदा करने के लिए जवाबदेही और पारदर्शिता को बरकरार रखा जाना चाहिए।समाज के जिम्मेदार सदस्यों के रूप में, यह हमारा दायित्व है कि हम अपने वित्तीय हितों की सुरक्षा के लिए सतर्क और सक्रिय रहें। विवेकपूर्ण प्रथाओं का पालन करके और जवाबदेही की वकालत करके, हम सामूहिक रूप से धोखाधड़ी प्रथाओं का मुकाबला कर सकते हैं और अपने समुदायों में अखंडता और विश्वास की संस्कृति को बढ़ावा दे सकते हैं।

## धोखाधड़ी वाली प्रथाओं का शिकार होने से बचने के लिए, आम जनता को निम्नलिखित एहतियाती उपायों का पालन करना चाहिए–



डॉ .जेम्स पाल

**1.सत्यापन और उचित परिश्रम–** किसी भी वित्तीय लेनदेन में शामिल होने से पहले, व्यक्तियों को इसमें शामिल पक्षों की साख और प्रतिष्ठा की पूरी तरह जांच करनी चाहिए। व्यवसायों और व्यक्तियों की प्रामाणिकता को सत्यापित करने से धोखाधड़ी वाले लेनदेन के जोखिम को कम किया जा सकता है।

**2.स्पष्ट दस्तावेज़ीकरण–** प्राप्तियों, अनुबंधों और समझौतों सहित सभी वित्तीय लेनदेन का व्यापक दस्तावेज़ीकरण बनाए रखना अनिवार्य है। स्पष्ट दस्तावेज़ीकरण साक्ष्य के रूप में कार्य करता है और विवादों या अनुबंध के उल्लंघन की स्थिति में कानूनी सहारा प्रदान करता है।

**3.एस्क्रो सेवाएँ और मील का पत्थर भुगतान–** यह सुनिश्चित करने के लिए एस्क्रो सेवाओं का उपयोग करने या मील का पत्थर भुगतान लागू करने पर विचार करें कि धन केवल सहमत कार्यों के संतोषजनक पूरा होने पर ही जारी किया जाता है। यह दृष्टिकोण सुरक्षा की एक परत प्रदान करता है और जवाबदेही को प्रोत्साहित करता है।

**4.कानूनी सलाह लें–** जटिल या उच्च-मूल्य वाले लेनदेन में, कानूनी सलाह लेने से संभावित नुकसान के खिलाफ मूल्यवान अंतर्दृष्टि और सुरक्षा उपाय मिल सकते हैं। कानूनी पेशेवर संविदात्मक दायित्वों पर मार्गदर्शन दे सकते हैं और विवादों के मामले में कानूनी सहारा लेने में मदद कर सकते हैं।

**5.संदिग्ध धोखाधड़ी की रिपोर्ट करें–** जिन व्यक्तियों को धोखाधड़ी या भ्रामक प्रथाओं का सामना करना पड़ता है, उन्हें तुरंत ऐसी घटनाओं की रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों, जैसे कानून प्रवर्तन एजेंसियों या उपभोक्ता संरक्षण संगठनों को करनी चाहिए। समय पर रिपोर्टिंग न केवल व्यक्तिगत हितों की रक्षा करती है बल्कि धोखाधड़ी गतिविधियों की रोकथाम और अभियोजन में भी योगदान देती है।

## इंदौर जिले खुलेंगे सात नए सीएम राइज स्कूल



इंदौर। जिले में सात स्कूलों को सीएम राइज में बदला गया है। अब इन स्कूलों को सीएम राइज की तर्ज पर सर्वसुविधा युक्त बनाया जाएगा। इन स्कूलों में एक शहरी क्षेत्र तो अन्य छह ग्रामीण क्षेत्र के हैं। जून तक इन स्कूलों को सीएम राइज की तर्ज पर सुविधाएं मिलना शुरू हो जाएंगी।जिले में 11 सीएम राइज स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। इनमें हाईटेक क्लास रूम, विशेषज्ञ शिक्षक, आधुनिक लैब सहित कई सुविधाएं दी जा रही हैं। इस शिक्षा सत्र से स्कूलों में बस सेवा भी शुरू होने जा रही है। जानकारी के अनुसार, स्कूली शिक्षा विभाग ने मार्च में आदेश जारी कर जिले के सात स्कूलों को सीएम राइज स्कूल में बदलने का निर्णय लिया है।इसमें अहिल्याश्रम क्र.-2, उमावि गौतमपुरा, उमावि बालक राऊ, हाईस्कूल मेण, उन्नत मिडिल स्कूल मानपुर, हाई स्कूल बरलई और उमावि चंद्रावतीगंज को शामिल किया गया है। विभाग के अफसरों ने बताया कि दूसरे चरण में शहरी क्षेत्र से सिर्फ अहिल्याश्रम क्र.-2 को ही शामिल किया गया है।

## इंदौर में पौन घंटे में 23 मिमी वर्षा, ओले भी गिरे

इंदौर। शहर में शुक्रवार को दिनभर सूरज की बादलों के साथ आंखमिचौली के बाद शाम को मौसम का मिजाज बदला। गरज-चमक के साथ करीब 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से हवा चली। एयरपोर्ट क्षेत्र में जहां बूंदाबांदी हुई, वहीं रीगल, पलासिया सहित शहर के कई हिस्सों में रात 7.15 से आधे घंटे तक तेज वर्षा हुई।रीगल तिराहा, नौलखा सहित शहर के कुछ हिस्सों में ओले भी गिरे। शाम छह बजे के आसपास इंदौर-देवास रोड पर ओले गिरे। थोड़ी सी वर्षा में ही प्रमुख चौराहे व सड़कें भी जलमग्न हो गईं। रीगल क्षेत्र में शाम 7.45 से रात 8.30 बजे तक 23 मिमी वर्षा दर्ज हुई।एयरपोर्ट स्थित मौसम केंद्र पर शुक्रवार रात 8.30 बजे तक 0.8 मिमी वर्षा दर्ज हुई। शहर के पश्चिमी हिस्से के मुकाबले पूर्वी हिस्से में अच्छी वर्षा हुई।

## पुलिसकर्मियों पर हमला कर डकैतों को छुड़ा ले गई सोमला गैंग

इंदौर। लंदन विलाज डकैती कांड के मुख्य आरोपित सोमला गैंग जोबट में पुलिसकर्मियों पर हमला कर फरार हो गई। बदमाश हीरानगर थाना क्षेत्र से जीप चुराकर ले गए थे। जीपीएस ट्रैकिंग के आधार पर पुलिसकर्मियों ने नाकाबंदी लगाई, लेकिन बदमाश पुलिसकर्मियों से ही भिड़ गए। पुलिस ने कई बार दबिश भी दी, लेकिन आरोपित फरार मिले।

हीरानगर थाना के अंतर्गत लाहिया कालोनी (कबीटखेड़ी) से पिछले दिनों तूफान वाहन चोरी हुआ था। जीप में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगा हुआ था। जीपीएस से पता चला कि बदमाश जोबट की तरफ गए हैं। झाबुआ पुलिस को अलर्ट किया तो कालीदेवी क्षेत्र में पुलिसवालों ने गाड़ी पकड़ ली। सोमला ने कालीदेवी में ही आइओसी के मैनेजर



पुष्पेंद्रसिंह की कार छोड़ी थी।बताते हैं कि बदमाश जीप रोकने वाले पुलिसकर्मियों से भिड़ गए और साथियों को छुड़वा लिया। हालांकि पुलिस ने जीप को जब्त कर लिया। जोन-3 के डीसीपी पंकज पांडे के अनुसार बदमाश बोरी थाना अंतर्गत आने वाले बड़ी कदवाल के है। ये बदमाश सोमला से जुड़े हैं कि नहीं, यह स्पष्ट नहीं है, लेकिन सोमला भी इसी गांव में रहता है। यहां कई गैंग सक्रिय हैं और एक-दूसरे के साथ मिलकर अपराध भी करते हैं।पुलिस की जांच में पता चला कि बदमाश किराये की गाड़ी लेकर शहर आते हैं। बाहरी क्षेत्र में उतर कर पहले दोपहिया वाहन की व्यवस्था करते हैं। चोरी के इसी वाहन से बड़ी गाड़ी चुराते हैं ताकि लूट-डकैती जैसी घटना को अंजाम दे सकें। पुलिस अब धार, झाबुआ, आलीराजपुर पुलिस की मदद से आरोपितों को ढूंढ रही है।बाणगंगा पुलिस ने लंदन विलाज डकैती कांड के एक आरोपित थावरिया उर्फ राजेश से सोने की अंगूठी जब्त कर ली है। आरोपित ने पूछताछ में स्वीकारा कि डकैती में आकेश उर्फ आकाश, कलम थोगू और सोमला शामिल था। डकैती के बाद आरोपित गुजरात भागे थे। टीआइ लोकेशसिंह भदौरिया के अनुसार अन्य आरोपितों की तलाश जारी है।

## प्लाट के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले रियल एस्टेट ब्रोकर पति-पत्नी गिरफ्तार

इंदौर। निवेशकों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले पति-पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों ने पाश कालोनी में सस्ते प्लाट बेचने का झांसा देकर रुपये लिए थे।महिला को पुलिस ने जेल भेज दिया। पति को रिमांड पर लिया है। उसके पार्टनर की तलाश जारी है।बाणगंगा टीआइ लोकेशसिंह भदौरिया के मुताबिक, आरोपित योगेंद्र विश्वकर्मा और उसकी पत्नी नेहा विश्वकर्मा निवासी लोटस पार्क कालोनी है। योगेंद्र की रियल एस्टेट कंपनी है और सांवेर रोड़ की कालोनियों में प्लाट बेचने व खरीदने का काम करता है। आरोपित ने लोटस पार्क कालोनी में लोगों को सस्ते और आसान किस्तों में प्लाट बताए और लाखों रुपये ले लिए।पुलिस ने योगेंद्र के विरुद्ध तीन एफआइआर दर्ज की। आखिरी केस गुरुवार रात मनोज कुमार साहू निवासी मंगलबारा बाजार बाड़ी जिला रायसेन की शिकायत पर दर्ज हुआ। पुलिस ने देर रात योगेंद्र और नेहा को पकड़ लिया, लेकिन सहयोगी महेश पटेल फरार हो गया। टीआइ के मुताबिक, योगेंद्र ने करीब 10 लोगों से चार करोड़ रुपए ठगना स्वीकारा है।

## इंदौर में बिजली कंपनी के ठेकेदार को बंधक बनाकर पीटा

इंदौर। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में पंचनामा बनाने को लेकर बिजली कंपनी के ठेकेदार को बंधक बना लिया। रुपये न देने पर उसकी पाइप से पिटाई की और बीस हजार रुपये भी वसूल लिए। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ बंधक बनाने और मारपीट करने के मामले में एफआइआर दर्ज कर ली है।घटना गुरुशंकर नगर गोंदवले धाम की है। फरियादी ओमप्रकाश बाबूलाल इटारे निवासी परिहार कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आरोपित तरुण देवड़ा निवासी गोंदवले धाम कालोनी है। बिजली कंपनी के ठेकेदार ओमप्रकाश से तरुण की तीन दिन पूर्व आफिस में मुलाकात हुई थी। बिजली का पंचनामा बनाने के संबंध में चर्चा हुई थी।आरोप है कि गुरुवार को तरुण परिहार कालोनी आया और ओमप्रकाश को पंचनामा बनाने के लिए साथ ले गया। आरोपित ने घर में ही बंधक बनाया और पाइप से पीट पीटकर घायल कर दिया। आरोपित ने काफी देर तक पिटाई करने के बाद ओमप्रकाश के बेटे से 20 हजार रुपये मंगवाए और रिहा किया। मामले में रात में तरुण के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई।

## अभिनेत्री प्राची देसाई बोली– इंदौर के लोगों से बहुत प्यार मिलता है, मैं इस शहर को अच्छे से देखना चाहती हूं



इंदौर। जब मैं टेलीविजन की दुनिया में आई तब मेरी उम्र 17 वर्ष थी। इसके दो वर्ष बाद ही मुझे फिल्म राक आन में कार्य करने का मौका मिल गया था। महज दो वर्ष के अनुभव में ही फिल्म मिलना मेरे लिए चुनौतीपूर्ण था। एक तो मेरा टीवी शो बहुत लोकप्रिय हो गया था और दूसरा जिस फिल्म में कार्य करना था, उसमें कई दिग्गज कलाकार शामिल थे। फिल्म में किरदार के अनुरूप मुझे तैयारी करने का वक्त ही नहीं मिला। पर यह अच्छी बात थी कि मुझे निर्देशक ने साथी कलाकारों से दूर ही रखा था, क्योंकि फिल्म में मुझे जो सरप्राइज एक्सप्रेशन देना था वह इसी कवायद से संभव हो पाया।किरदार और फिल्म को लेकर मैं नर्वस और चिंतित दोनों ही थी। नर्वस और चिंतित इसलिए थी कि टेलीविजन के बाद दर्शक मुझे फिल्म में किस तरह अपनाएंगे। अपने किरदार को लेकर भी चिंता थी। पर शुरू से ही यह तय कर लिया था कि रोल वही करना है जिसका समाज पर बुरा प्रभाव नहीं पड़े। इसलिए मैं कभी उन उत्पाद का भी विज्ञापन नहीं करना चाहूंगी जो समाज के लिए हानिकारक हों। यह कहना है ख्यात अभिनेत्री प्राची देसाई का। प्राची अपनी वेब सीरीज साइलेंस-2 के प्रमोशन के लिए इंदौर आई थी।इंदौर की तारीफ करते हुए प्राची ने कहा कि यहां आने पर बहुत खुशी होती है, क्योंकि इंदौर के लोगों से बहुत प्यार मिलता है। मैं इस शहर को अच्छे से देखना चाहती हूं, यहां घूमना चाहती हूं। मीडिया से हुई चर्चा में प्राची ने करियर की शुरुआत से लेकर अपनी ख्वाहिशों तक का पिटारा खोल दिया। उन्होंने कहा कि जब टेलीविजन की दुनिया में आई थी तब तो कैमरा फेस करना भी नहीं आता था। दो वर्षों ने मुझे बहुत कुछ सिखा दिया और 19 वर्ष की उम्र में फिल्म भी मिल गई। यूं तो टेलीविजन और फिल्म में बहुत अंतर है, लेकिन समानता यही है कि दोनों ही जगह कलाकार को अपनी शत प्रतिशत प्रस्तुति देनी होती है। टीवी से पहचान मिली और फिल्म से हर बार नया कार्य करने का अनुभव मिला।

## इंदौर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत

इंदौर। शहर के सीएचएल अस्पताल में शुक्रवार दोपहर इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। इसके बाद स्वजन ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने जहां अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया है, वहीं इलाज कर रहे डाक्टर ने मिर्गी का दौरा आने के बाद मौत होना बताया है। पूरे मामले में एमआइजी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार लिवर की बीमारी के चलते अर्जुन चौहान का पिछले कई दिनो सें सीएचएल अस्पताल में इलाज चल रहा था। 10 दिन भर्ती रहने के बाद अर्जुन को छुट्टी दे दी गई थी। गुरुवार को अस्पताल में इंडोस्कापी हुई, जिसमें गैस्टिक वेरिस निकला। इसके बाद इलाज के लिए परिजन अर्जुन को शुक्रवार सुबह दोबारा सीएचएल अस्पताल लेकर आए थे।मृतक की पत्नी कंचन चौहान ने अस्पताल प्रबंधन और डाक्टर पर आरोप लगाते हुए कहा कि पति को खून की उल्टी हुई, जिसके बाद यहां दिखाया, तो बताया कि लिवर की बीमारी है। 10 दिन तक इलाज के बाद छुट्टी दे दी थी। दो दिन बाद इंडोस्कोपी हुई। शुक्रवार को इंजेक्शन लगवाने के लिए आए थे। सुबह मेरे पति को इंजेक्शन लगाया था। इसके बाद डाक्टर ने कहा कि दो घंटे में होश आ जाएगा, लेकिन डाक्टरों की लापरवाही से पति की जान चली गई। इंजेक्शन लगाने से पहले पति से बात भी हुई, लेकिन गलत तरीके से इंजेक्शन लगाने के बाद मौत हो गई।

# पुलिस सेक्टर अधिकारी संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष ध्यान दें-उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कवचे

## सातों विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर अधिकारी एवं पुलिस सेक्टर अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण सम्पन्न

उज्जैन। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में निर्वाचन शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिये सातों विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर ऑफिसर्स एवं पुलिस सेक्टर ऑफिसर्स का द्वितीय प्रशिक्षण शुक्रवार को माधव साइंस कॉलेज में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एमएस कवचे ने पुलिस सेक्टर अधिकारियों को संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर शान्तिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिये विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। प्रशिक्षण में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरिता लाल, एसडीएम श्री एलएन गर्ग, एसडीएम श्रीमती नेहा साहू, डॉ.संदीप नाडकर्णी प्रशिक्षण प्रभारी, डॉ.विजय सुखवानी, मास्टर ट्रेनर श्री गिरीश तिवारी उपस्थित थे।



उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कवचे ने सेक्टर अधिकारियों को ईवीएम संचालन, ईवीएम हैंड्सऑन प्रैक्टिस, मतदान लेखा प्रपत्र व मतदान के समय आने वाली आकस्मिकता की स्थिति के त्वरित निराकरण के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी, जिससे निर्विघ्न मतदान सम्पन्न हो सके। द्वितीय प्रशिक्षण में प्रमुखत-सेक्टर अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया, मतदान सामग्री वितरण, मतदाता रजिस्टर-17ए की प्रविष्टियां, चैलेंज वोट, ईवीएम की जांच, बीयू, सीयू, वीवीपेट पर एड्रेस मेपिंग, ईवीएम संचालन, वल्नरेबल और संवेदनशील मतदान केन्द्रों के लिये दिशा-निर्देश व मतपत्र लेखा के प्रारूप की जानकारी दी गई। सभी अधिकारियों के मतदान प्रक्रिया सम्बन्धी ज्ञान के परीक्षण के लिये प्रशिक्षण उपरांत परीक्षा भी ली गई।

सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर श्री गिरीश तिवारी ने बताया कि सभी सेक्टर अधिकारी मतदान समाप्ति तक अपने क्षेत्र में संपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार होंगे। वल्नरेबल मैपिंग, क्रिटिकल मैपिंग, मतदान दलों की रवानगी सहित सभी निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करायेंगे। सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण में यह भी निर्देश दिये गये कि वे अपने दायित्वों के साथ पीठासीन अधिकारियों के दायित्वों को भी अच्छे से समझें व अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था, आदर्श आचरण संहिता का पालन, ईवीएम प्रबंधन के लिए सेक्टर अधिकारी एवं पुलिस सेक्टर अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करेंगे।

# हनुमान मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन

## राजपूत बोर्डिंग धर्मशाला में तीन एयर कंडीशनर भेंट



उज्जैन। महिदपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुकल खेड़ा में हनुमान मंदिर निर्माण हेतु विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी विजय सिंह गौतम ने भूमि पूजन करते हुए 11 हजार रुपए समिति को भेंट किया। गौतम ने समिति को आश्वासन दिलाया कि आगे भी सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। इस दौरान गांव की महिलाओं ने अपनी समस्याएं बताई जिसका समाधान किए जाने का आश्वासन दिया गया। इसके पश्चात गौतम राजपूत बोर्डिंग धर्मशाला महिदपुर में अतिथि के रूप में शामिल हुए। राजपूत बोर्डिंग धर्मशाला के लिए तीन एयर कंडीशनर भेंट करने के साथ धर्मशाला में निर्मित किए गए कमरों का उद्घाटन किया। इस दौरान धर्मशाला के पदाधिकारी द्वारा उनका स्वागत किया गया।

# आचार संहिता के 27 दिन में सी-विजिल एप पर उल्लंघन की मिली 2852 शिकायतें

## उज्जैन में सभी 232 शिकायतों का त्वरित निराकरण

उज्जैन। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुमप राजन ने बताया है कि प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 16 मार्च से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। नागरिकों से सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। आचार संहिता के 27 दिन यानी 16 मार्च से 11 अप्रैल तक सी-विजिल एप पर आचार संहिता उल्लंघन की 2852 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है।

श्री राजन ने बताया कि मुख्य रूप से सागर में 286, उज्जैन 232, ग्वालियर 179, मुरैना 172, राजगढ़ 160, रीवा 155, इंदौर 130, दमोह 120, सीहोर 118 और खरगौन जिले में 106 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। अन्य जिलों से भी इस प्रकार की शिकायत मिली हैं।

श्री राजन ने प्रदेश के नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर ÷सी-विजिल एप÷ डाउनलोड करना होगा।श्री राजन ने बताया कि नागरिक को आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी।उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी-विजिल एप तैयार किया गया है। इस एप के जरिए व्यक्ति राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से लाने-ले जाने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों या परिसर पर प्रचार सामग्री चस्पा करने, लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायतें कर सकते हैं।

# जैन ध्वज फहराकर हुई दिगंबर जैन महिला परिषद अवंति की शपथ विधि

## वर्ष भर उत्कृष्ट कार्य करने वालों के साथ पूर्व अध्यक्षों का किया सम्मान,वर्ष 2024 की नवीन अध्यक्ष प्रतिभा कासलीवाल, सचिव कविता लुहाडिया तथा कोषाध्यक्ष श्रुति बड़जात्या को शपथ दिलाई

उज्जैन। महिला परिषद भारत देश में फैली परिषदों की समस्त शाखाओं में सर्वाधिक सदस्य एवं सर्वाधिक गतिविधि करने वाली संस्था बन गई है। वर्ष 2006 के स्थापना दिवस से आज तक सर्वश्रेष्ठ गतिविधियां करते हुए अपना नाम परिषद के नभ् पर स्थापित किया है।उक्त विचार अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद अवंती उज्जैन के शपथ विधि समारोह में शपथ अधिकारी महिला परिषद की केंद्रीय अध्यक्ष निर्मला गदिया इंदौर ने व्यक्त किये। शपथ विधि समारोह का प्रारंभ जैन ध्वज फहराकर किया गया ध्वजारोहण इंदु दोशी ने किया। पश्चात मंगलाचरण युक्ति जैन, सलोनी जैन, प्रवी जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने भी महिला परिषद अवंती की देश भक्ति के आयोजित



कार्यक्रमों की प्रशंसा की। आपने कहा कि परिषद सामाजिक गतिविधियों के साथ राष्ट्र के प्रति भी समर्पित है। विशेष अतिथि आशा पाटनी थी। अतिथियों का स्वागत वीरबाला कासलीवाल, रचना जैन, रश्मि जैन, कवीता सोनी ने किया। दीप प्रज्वलन स्नेहलता सोगानी एवं सारिका जैन द्वारा किया गया। कलश स्थापना संतोष जैन ने किया। चित्र का अनावरण संगीता सोगानी ने किया। जीनवाणी विराजमान जयमाला पाटनी, संतोष बडजात्या, शकुन कुंभराज, आशा सुमन जैन, शकुन सोनी, रानी पहाडियां, निर्मला, रचना सेठी ने की। इस अवसर पर वर्ष भर अच्छी गतिविधि करने वाले सदस्यों का सम्मान एवं पूर्व अध्यक्षों का सम्मान मोनिका सेठी एवं डॉ. मोनिका जैन द्वारा किया गया। वर्ष 2024 की नवीन अध्यक्ष प्रतिभा कासलीवाल, सचिव कविता लुहाडिया तथा कोषाध्यक्ष श्रुति बड़जात्या को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से केंद्रीय सचिव प्रभा जैन इंदौर ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर परिषद की सभी पूर्व अध्यक्ष उपस्थित थीं। विशेष रूप से वर्ष भर सेवा देने वाली निवृत्तमान अध्यक्ष एवं सचिव का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन नीता धवल एवं कविता मंगलम ने किया। कार्यक्रम में विशेष भूमिका सीता संभाग अध्यक्ष उषा कासलीवाल एवं सचिव मधु कोठारी की रही। हाऊजी की संयोजक व प्रायोजक कविता कासलीवाल रही। आभार प्रदर्शन सचिव कविता लोहड़िया ने किया। यह जानकारी पूर्व अध्यक्ष मधु कोठारी ने दी।

# श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई गई भगवान मीनेश जयंती



उज्जैन। भगवान विष्णु के प्रथम अवतार भगवान मीनेश की जयंती श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई गई। ग्राम बाढकुमेद स्थित भगवान मीनेश के मंदिर पर मीणा समाज के लोगों ने पूजन अर्चन करते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया। यह जानकारी देते हुए मनोज मीणा ने बताया कि इस अवसर पर भेरूलाल जमीदार केसर सिंह मीणा जगदीश जमादार मानसिंह मीणा रामेश्वर मीणा मोहनलाल मीणा संतोष मीणा पिंटू मीणा रवि मीणा विकास मीणा गुरु महाराज धर्मेंद्र मीणा कमल मीणा बबलू मीणा चेतन मीना दिलीप मीणा राहुल मीणा बाबू मीणा अभय मीणा विजय मीणा अजय मीणा राजेश मीणा रोहित मीणा आदि मौजूद रहे । समाज की महिलाओं ने भगवान मीनेश का पूजन अर्चन किया सुबह से दर्शन करने का सिलसिला जारी रहा।उल्लेखनीय की पृथ्वी को जल मग्न होने से बचाने के लिए भगवान विष्णु ने पहली बार मत्स्य अवतार लिया था। भगवान मीनेश की जयंती देश भर में श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई जाती है।

# सीटीआई सत्यनारायण मीणा की सेवानिवृत्ति पर हुआ विदाई समारोह



उज्जैन। भारतीय रेलवे में 38 वर्षों की सीटीआई के पद पर सेवा देने के बाद एसएन मीणा की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह रेलवे के कम्युनिटी हॉल में आयोजित किया गया।इस अवसर पर उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेडा, मीनेश कल्याण बोर्ड अध्यक्ष लालाराम मीणा, रेल्वे सहा. वाणिज्य प्रबंधक राकेश धीमान सहित समाज जन एवं मित्रगण उपस्थित रहे। संचालन कवि राहुल शर्मा द्वारा किया गया एवं आभार भाजपा की वर्षा निलेश मीणा द्वारा माना गया।

सम्पादकीय

# फ्री में चेक हो बीपी, सार्वजनिक जगहों पर हो इंतजाम

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की एक रिपोर्ट कहती है कि 18 से 54 वर्ष के 30 प्रतिशत भारतीयों ने कभी अपना ब्लड प्रेशर चेक नहीं कराया। दिल और BP के नाजुक रिश्ते को देखते हुए यह रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। इससे जाहिर होता है कि देश में ब्लड प्रेशर से जुड़ी बीमारियां बढ़ने के बावजूद इसे लेकर जागरूकता नहीं बढ़ रही। अपने स्वास्थ्य को लेकर लोगों में आम भावना यही होती है कि बाहर से फिट दिख रहे हैं, तो भीतर से भी फिट ही होंगे। हाल के दिनों में ऐसी कई घटनाएं हुईं, जहां एकदम चुस्त-तंदरुस्त दिख रहे युवा सिलेब्रिटी का दिल दगा दे गया। दरअसल, जब तक बीमारी आती नहीं, तब तक लोग उसके बारे में नहीं सोचते। दुर्भाग्य से ब्लड प्रेशर को लेकर तो गंभीरता और भी कम है। BP चेक नहीं कराने की एक बड़ी वजह है कि आमतौर पर लोग इसे बहुत हल्के में लेते हैं। उन्हें लगता है कि ब्लड प्रेशर का सामान्य से ऊपर-नीचे होते रहना आम बात है। वे इसे भविष्य में हो सकने वाले गंभीर बीमारियों के हमले के रूप में नहीं देखते। यही नादानी कई बार आगे चलकर भारी पड़ जाती है।ब्लड प्रेशर चेक न कराने की दूसरी वजह है संसाधन और वक्त की कमी। चूंकि आम नजर में यह कोई गंभीर मसला नहीं, इसलिए पहले तो BP चेक करने के लिए समय नहीं निकल पाता। फिर दिक्कत यह भी आती है कि BP चेक कहां कराया जाए। जरूरी नहीं है कि सभी के घर के पास कोई क्लिनिक या हॉस्पिटल हो। वहां मानसिकता यह हो जाती है कि जब कोई दिक्कत ही नहीं, तो बस BP चेक करवाने के लिए डॉक्टर के पास क्या जाना ! BP चेक करना कोई बहुत बड़ा टास्क नहीं है। इसके लिए कोई बहुत ज्यादा खर्च करने की जरूरत भी नहीं पड़ती। ऐसे में क्यों नहीं सामुदायिक केंद्रों, क्लब, होटल, ऑफिस वगैरह में भी BP चेक की सुविधा उपलब्ध करा दी जाए। यह काम इतना सरल होना चाहिए, जिसके लिए अलग से सोचना न पड़े। साथ ही, इस सेवा को निशुल्क और सभी की पहुंच में रखा जाए। इससे गरीब और वंचित तबके के लोग भी लाभ उठा सकेंगे।बीमारी पर खर्च करने से बेहतर है उसकी रोकथाम पर पैसा लगाना। ब्लड प्रेशर के साथ मामला यही है। सरकार और सामाजिक संस्थाएं इस बारे में जागरूकता अभियान चलाएं, जैसे कि पोलियो और टीबी वगैरह के लिए चला। ब्लड प्रेशर की वजह से दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा सबसे ज्यादा होता है। इसके अलावा भी कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। चिंताजनक रूप से भारत में हार्ट के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में BP चेक को एक हेल्पिंग टूल के रूप में देखा जाना चाहिए, जिसके जरिये दिल पर आने वाले खतरे को टाला जा सकता है।

# सूर्य देव आज मेष राशि में करेंगे प्रवेश, इन राशि वालों को होगा भाग्योदय



सूर्य देव को सभी ग्रहों का स्वामी माना गया है और सूर्य देव हर माह राशि परिवर्तन करते हैं, जिसका प्रभाव सभी राशि के लोगों पर होता है। हिंदू पंचांग की गणनाओं के मुताबिक, सूर्य देव 13 अप्रैल को रात 9.15 मिनट बजे सूर्य मेष राशि में गोचर करेंगे और 14 मई को शाम 6.04 बजे तक मेष राशि में ही रहेंगे। पंडित चंद्रशेखर मलतारे के मुताबिक, सूर्य देव के लिए मेष राशि उच्च का स्थान हैं और इससे इन तीन राशि वाले जातकों को भरपूर लाभ होगा।वृषभ राशि वालों के लिए सूर्य देव 12वें भाव में गोचर कर रहे है। ऐसे में इस राशि के जातकों को करियर में वृद्धि मिल सकती है। विदेश में नौकरी मिलने के आसार हैं। इस दौरान वृषभ राशि वालों का भक्ति भाव या अध्यात्म की ओर झुकाव बढ़ सकता है। शुभ कार्यों के कारण आपको अचानक आर्थिक लाभ हो सकता है। वाहन आदि खरीद सकते हैं।मिथुन राशि के 11वें भाव में सूर्य देव गोचर कर रहे हैं। सूर्य देव के प्रभाव से मिथुन राशि वालों को धन लाभ हो सकता है। इस दौरान मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। नई नौकरी तलाश पूरी हो सकती है। लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।सिंह राशि के स्वामी सूर्य है और नवम भाव में गोचर कर रहे हैं। ऐसे में सिंह राशि वालों को उच्च शिक्षा का अवसर मिल सकता है। कार्यस्थल पर आपके काम की तारीफ होगी। अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। अध्यात्म की ओर झुकाव बढ़ सकता है। अपार धन लाभ हो सकता है। परिवार में शांति बनी रहेगी।

# डेमोक्रेसी का ऑटोक्रेसी मॉडल है लोगों की पहली पसंद

अमेरिकी थिंक टेंक प्यू रिसर्च की लोकतांत्रिक देशों को लेकर हालिया रिपोर्ट हमारे देष के संदर्भ में इस मायने में चौकाने वाली है कि देशवासियों को डेमोक्रेसी का ऑटोक्रेसी मॉडल अधिक लुभा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार देश की लोकतांत्रिक सरकार की कार्य व्यवस्था को लेकर स्वीडन के बाद दूसरे नंबर पर भारत के लोग संतुष्ट है। स्वीडन में जहां 75 फीसदी लोग वहां लोकतांत्रिक सरकार के काम करने के तौर तरीके से संतुष्ट हैं वहीं भारत में 72 प्रतिशत लोग लोकतांत्रिक सरकार के काम करने के तौरतरीकों को पसंद करते हैं। इस साल दुनिया के करीब 50 देशों में चुनाव होने जा रहे हैं। इस मायने में प्यू द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर 24 देशों में किया गया सर्वे अपना खास महत्व रखता है। मजे की बात यह है कि सर्वे में शामिल देषों में केवल 33 फीसदी अमेरिकी ही वहां की लोकतांत्रिक सरकार के कार्य करने की व्यवस्था को लेकर संतुष्ट है। खैर यह तो अलग बात हुई पर सबसे चौकाने वाला तथ्य यह है कि वैसे तो दुनिया के अधिकांश देशों की आमजनता बोल्ड निर्णय करने वाले नेता को अधिक पसंद करने लगी है। पर हमारे देश के संदर्भ में महत्वपूर्ण यह हो जाता है कि 2017 में जहां 55 प्रतिशत देशवासी ऑटोक्रेसी को पसंद करते थे उसका ग्राफ तेजी से बढ़ा है और आज 67 प्रतिशत लोगों को ऑटोक्रेसी या यों कहें कि अधिनायकवादी नेता पर अधिक विश्वास है। ऑटोक्रेसी पर विश्वास बढ़ने वाले देशों में भारत के अलावा केन्या, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, पॉलिण्ड सहित कई देश हैं। सर्वे में शामिल 24 में से 8 देशों में ऑटोक्रेसी के प्रति रुझान बढ़ा है।दरअसल लोग निर्णय करने वाले नेता को पसंद करते हैं। कुछ करने का जज्बा ही देशवासी नेता में खोजते हैं। विपक्ष के लाख आरोप प्रत्यारोप, एकजुटता के बावजूद नरेन्द्र मोदी पिछले दो चुनावों में लगातार जनता की पसंद बने रहे और 2024 का चुनाव भी लगभग उसी दिशा में बढ़ता लग रहा है। विपक्षी दल मुद्दे बनाने के प्रयास करते हैं पर वहीं मुद्दे सेल्फ गोल में परिवर्तित होने लगते हैं। हालिया इलेक्शन बॉड को लेकर जिस तरह से बीजेपी को घेरने का प्रयास किया गया वह अभी तक तो सिरे नहीं चढ़ता नहीं नजर आ रहा हैं पर समझने वाली एक महत्वपूर्ण बात यह हो जाती है कि चंदा देने वाले कौन हैं? साफ है पैसे वाले अमीर लोग। इलेक्शन बॉण्ड में पैसा तो अमीर लोगों से आ रहा है और उनका प्रतिशत इतना नहीं है कि वह चुनाव परिणाम को प्रभावित कर सके। ठीक इसके विपरीत सत्तारुढ़ दल को गरीब आम मतदाताओं का समर्थन प्राप्त है। यानी कि इलेक्षन बॉड को लाख मुद्दा बनाने के बावजूद नरेन्द्र मोदी या बीजेपी आम मतदाता को अपने पक्ष में साधने में पूरी तरह सफल रही है। दूसरा यह कि कोई भी पार्टी हो उसके अधिकांश टिकट पैसे वाले लोगों को ही मिलते हैं।जहां तक लोकतंत्र के ऑटोक्रेसी मॉडल की बात है आज नरेन्द्र मोदी पर यह आरोप खुले आम विपक्ष लगाता आ रहा है। पर विगत के पन्ने खोले तो नरेन्द्र मोदी का गुजरात मॉडल ही उन्हें केन्द्र की सत्ता दिलाने में सहायक रहा है।दरअसल देश को हमेशा सख्त मिजाज मजबूत नेता की आवश्यकता महसूस होती रही हैं। किसी भी दल से सख्त मिजाज नेता सामने आया है तो आमजन ने उसे हाथों हाथ लिया है। नेहरु को उस समय के संदर्भ में लोगों द्वारा महत्व दिया गया तो नेहरु के बाद लाल बहादुर शास्त्री को ईमानदार और दबंग नेता के रुप में आज भी याद किया जाता है। जय जवान जय किसान जो आज एक कदम आगे बढ़कर जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान हो गया है। 1971 की भारत पाक लडाई और बांग्लादेश के गठन के चलते इंदिरा जी को देशवासियों ने सिर चढ़ाया। यह विवाद का विषय हो सकता है पर आपातकाल के दौरान जिस तरह से अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया या जनसंख्या नियंत्रण सहित कदम उठाये गये उसके प्रशंसक आज भी मिल जाएंगे। प्यू की रिपोर्ट में ऑटोक्रेसी को पसंद करने वाले लोगों की 12 प्रतिशत बढ़ोतरी से साफ समझ में आ जाना चाहिए कि लोग परिणाम पर नहीं जाते, आलोचना प्रत्यालोचना को भी खारिज कर देते हैं जब कोई निर्णय लेने में हिचकता नहीं है। नरेन्द्र मोदी के यही बात पक्ष में जाती है कि नरेन्द्र मोदी पर विपक्ष तानाशाही, जुमलेवाज, झूठी बात कहना या ना जाने कितने आरोप लगाते हैं पर 2014 और 2019 के चुनाव परिणाम तो विपक्ष के आरोपों को सिरे से नकार रहे हैं। 370, राम मंदिर, तीन तलाक, पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक जैसे बोल्ड निर्णय और विदेशी नेताओं के बीच बॉस की भूमिका को देशवासी अपना गौरव समझने लगे हैं। दरअसल इस तरह के अनेक उदाहरण मिल जाएंगे। यही कारण है कि यह चुनाव भी मोदी बनाम विपक्ष के बीच लड़ा जा रहा है। लोकसभा के पिछले दो चुनाव भी मोदी के नाम से ही लड़े गये और जनता ने एब्सोल्यूट मेजोरिटी देकर सब कुछ साफ कर दिया। हालिया पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव भी बीजेपी क्षेत्रीय क्षत्रपों के स्थान पर मोदी की गॉरंटी के नाम से लड़े गये और परिणाम सामने हैं। दरअसल डेमोक्रेसी के नए रुप ऑटोक्रेसी में एक ही चेहरा-एक ही नाम पर लड़ा जाता है। 18 वीं लोकसभा के हो रहे चुनावों में भी यही हालात है। कहने को भले ही यह कहा जा रहा है कि 2024 के चुनाव की दशा और दिशा नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, शरद पवार, एमके स्टालिन, तेजस्वी यादव, असदुद्दीन औवेसी तय करने वाले हैं पर जमीनी हकीकत तो यह है कि 2024 का चुनाव एक ही चेहरा-एक ही नाम नरेन्द्र मोदी की इर्दगिर्द है। नरेन्द्र मोदी बनाम समूचा विपक्ष चुनाव आकार ले चुका है। चुनाव का विगुल बज चुका है। दो चरणों के लिए नामांकन भी पूरा हो चुका हैं वहीं तीसरे चरण के चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। पहले चरण की 102 लोकसभा सीटों के मतदान की तिथि भी नजदीक आ गई है। अब यह तो भविष्य के गर्व में छिपा है कि जनता किसे सत्ता की चाबी देती हैं पर यह साफ है कि जनता डेमोक्रेसी के ऑटोक्रेसी मॉडल को ही पसंद करती है। अब राजनीतिक दलों को यह समझ लेना होगा कि आमजन को मुखर और निर्णय लेने की क्षमता वाला नेता चाहिए और सत्ता में आना है तो आमजन तक यह संदेश जाना जरुरी है। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि लोगों ने ऑटोक्रेसी यानी कि अधिनायक वाद को नहीं अपितु लोकतंत्र के अधिनायकवादी मॉडल को पसंद किया है। देश के 72 प्रतिशत लोगों को लोकतांत्रिक सरकार के कार्य करने के तरीकों को पसद करना और साथ ही एक ही चेहरा-एक ही नाम को पसंद करना डेमोक्रेसी का ऑटोक्रेसी मॉडल है।

# क्या गाजियाबाद के भगवा किले पर फहराएगा तिरंगा?

देश की राजधानी नई दिल्ली से सटी औद्योगिक नगरी गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव धीरे-धीरे जोर पकड़ रहा है। आम चुनाव 2024 के तहत यहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा, इसलिए पक्ष-विपक्ष के बीच राजनीतिक तपिश बढ़ती जा रही है। यहां की मुख्य चुनावी लड़ाई एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग और इंडिया गठबंधन की कांग्रेस-सपा-आप प्रत्याशी डॉली शर्मा के बीच होगी। हालांकि दलित और क्षत्रिय वोटों के सहारे बसपा प्रत्याशी नंद किशोर पुंडीर इस लड़ाई को त्रिकोणात्मक बनाने में सफल हो जाएंगे। यदि ऐसा हुआ तो सियासी ऊंट किस करवट बैठेगा, कुछ कहा नहीं जा सकता। पहला फैक्टर है- शहरी बनाम ग्रामीण। आमतौर गाजियाबाद महानगर के शहरी इलाकों में जहां भाजपा की पैठ मजबूत है, वहीं ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की पकड़ मजबूत है। वर्तमान में सपा कांग्रेस की सहयोगी पार्टी है। जबकि बसपा की पैठ शहरी/ग्रामीण दोनों इलाकों के जातिविशेष में है। बता दें कि गाजियाबाद की 70 प्रतिशत आबादी शहरों में और 30 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है। इस मामले में कांग्रेस पर भाजपा भारी पड़ सकती है।दूसरा फैक्टर है- जातीय समीकरण। जो किसी एक प्रत्याशी के पक्ष में विरले ही जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक, कुल 29 लाख 38 हजार 845 मतदाताओं वाली इस सीट पर सर्वाधिक 18 प्रतिशत ब्राह्मण, 15 प्रतिशत मुस्लिम, 14 प्रतिशत ठाकुर, 12 प्रतिशत गुर्जर, 10 प्रतिशत वैश्य, 16 प्रतिशत वंचित और 15 प्रतिशत अन्य मतदाता हैं। चूंकि भाजपा ने वैश्य, कांग्रेस ने ब्राह्मण और बसपा ने क्षत्रिय प्रत्याशी उतारे हैं। ये तीनों जाति भाजपा की हार्ड कोर समर्थक मानी जाती है। शायद इसलिए भी कांग्रेस और बसपा ने उसी में सेंध लगाने की पहल की है। हालांकि, जातीय समीकरण भी अभी भाजपा के पक्ष में है क्योंकि उसने दलित, पिछड़े व पसमांदा मुसलमानों को जोड़ने की पहल शिद्दत पूर्वक की है, जबकि कांग्रेस इसे तोड़ने के लिए तरह-तरह के प्रयोग/उपाय कर रही है। लिहाजा, यहां भी भाजपा का पलड़ा कांग्रेस पर भारी है।राजनीतिक विश्लेषकों की राय है कि पिछले 2 लोकसभा चुनावों से कांग्रेस के वोट बैंक में भाजपा सेंध लगा चुकी है, जिसे वापस पाना अब भी कांग्रेस के लिए बहुत बड़ी चुनौती बनी हुई है। क्योंकि गरीबी हटाओ के नारे पर हिंदुत्व भारी पड़ चुका है। क्षद्म धर्मनिरपेक्षता पर राष्ट्रवाद हावी होकर बोल रहा है। वहीं, जातिविशेष पर बसपा की पकड़ से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए मौजूदा चुनावी लड़ाई दिलचस्प मोड़ लेती जा रही है।तीसरा फैक्टर है- सांप्रदायिक गोलबंदी। यह बात साफ है कि भाजपा को हिंदुओं के वोट थोक भाव में मिलते हैं, जबकि अल्पसंख्यक समाज का वोट रणनीतिक रूप



से थोड़ा-बहुत। वहीं, कांग्रेस व उसके समाजवादी समर्थकों को अल्पसंख्यक समाज का वोट थोक भाव में मिलता है, जबकि बहुसंख्यक हिंदुओं के वोट जातीय आधार पर रणनीतिक रूप से थोड़ा बहुत। आंकड़े गवाह हैं कि जहां भी सांप्रदायिक गोलबंदी होती है, वहां भाजपा को ज्यादा, कांग्रेस को कम फायदा मिलता है। वहीं, अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में यह स्थिति उलट जाती है।चौथा फैक्टर है- सरकारी कामकाज और विभिन्न मुद्दे। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग जहां मोदी सरकार और योगी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। अपने शहर विधायक होने और उत्तरप्रदेश में राज्यमंत्री के रूप में सेवा देने के बारे में भी बता रहे हैं। साथ ही राष्ट्रीय मुद्दों की भी बात कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा कोरोना काल में अतुल गर्ग के यूपी के स्वास्थ्य राज्यमंत्री रहते हुए भी उनके द्वारा बरती गई लापरवाही पर लगातार उन्हें घेर रही हैं। इसके अलावा, भाजपा द्वारा केंद्रीय मंत्री जनरल वी के सिंह का टिकट काटने पर भी उनकी पार्टी को आड़े हाथों ले रही हैं। यही नहीं, स्थानीय मुद्दों पर भी उन्हें लगातार घेर रही हैं। उनका आरोप है कि विगत 15 सालों से भाजपा के सांसद हैं, लेकिन मलिन बस्तियों तक विकास की किरण नहीं पहुंची है। गांवों में भी विकास नदारत है। इसलिए उन्होंने दो टूक कहा है कि गाजियाबाद का चुनाव वो स्थानीय मुद्दों पर भी लड़ेंगी। क्योंकि शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रदूषण, स्वच्छता, सुरक्षा, मेट्रो पहुंच आदि को वह सबके अनुकूल करने का इरादा रखती हैं। महंगाई व बेरोजगारी दूर करने का जज्बा रखती हैं। यहां पर कांग्रेस का पलड़ा कैंडिडेट के तेवर की वजह से भारी है और यही तेवर उनकी असली सियासी पूंजी है।पांचवां फैक्टर है- संगठन और उसके दांवपेंच। इस मामले में भाजपा का कोई मुकाबला नहीं कर सकता है, क्योंकि उसके ऊपर आरएसएस का परोक्ष हाथ हमेशा से ही रहता आया है। कांग्रेस भी अपने सेवा दल के सहारे देश पर लंबे समय तक राज कर चुकी है, जो अब कमजोर हो चुकी है। वहीं, नई आर्थिक नीतियों के दुष्परिणाम स्वरूप समाज में ऐसी प्रतिस्पर्धा बढ़ी कि सेवा भाव अब लगभग गायब होता जा रहा है और श्रम मूल्य सामाजिक जीवन में प्रभावशाली स्थान लेता जा रहा है। वहीं, कांग्रेस की सहयोगी पार्टी सपा और आप के कैडर तो हैं, लेकिन ये भाजपा की रणनीति का मुकाबला कितने कारगर ढंग से कर पाते हैं, सबकुछ इस बात पर ही निर्भर करेगा। हालांकि पारस्परिक समन्वय बिठाना कोई बच्चों का खेल नहीं है। वहीं, बसपा के पास लगभग 20 प्रतिशत कैडर वोट है, जिसके सहारे भारतीय राजनीति में उसकी पूछ निरंतर बनी हुई है। जबकि गत 12 वर्षों से वह यूपी की सत्ता से बाहर है।ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या मीडिया और सोशल मीडिया में अक्सर छाई रहने वाली कांग्रेस प्रत्याशी क्या भगवा किले पर कांग्रेसी तिरंगा फहरा पाएंगी? क्या लुंज-पुंज कांग्रेस संगठन के सहारे वह अपने गठबंधन सहयोगियों को साधकर अपना लक्ष्य पूरा कर पाएंगी? क्या अपनी आक्रामक सियासी शैली से वह शांतिप्रिय व सुशिक्षित शहरी मतदाताओं को लुभा पाएंगी? क्या सियासी रूप से अनुभवहीन लोगों की फौज का नेतृत्व करते हुए वह गाजियाबाद के मैदान को फतह कर पाएंगी? सधा हुआ जवाब तो यही मिल रहा है कि आज की तिथि में दिल्ली उनके लिए बहुत दूर तो नहीं, बल्कि सन्निकट भी नहीं है। आने वाले दिनों में उन्हें कई सियासी पापड़ भी बेलने पड़ेंगे, लेकिन सवाल फिर वही कि क्या वह ऐसा कर पाएंगी? यदि नहीं तो अतुल का अतुलित सियासी बल उन्हें इस बार भी मात दे सकता है।

# 12वीं फेल ने बनाया नया रिकॉर्ड, फिल्म को नई उपलब्धि मिलने पर विक्रांत मैसी ने जताया आभार




12वीं फेल सिर्फ एक फिल्म नहीं बल्कि एक इमोशन है, विक्रांत मैसी ने इसे निभाया नहीं लेकिन मनोज कुमार शर्मा की भूमिका को जीया, जिनकी जीवन यात्रा हर तरह से प्रेरणादायक थी। 12वीं फेल पिछले साल अक्टूबर 2023 में रिलीज हुई थी और रिलीज के 6 महीने बाद भी यह फिल्म सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है। विक्रांत मैसी और मेधा शंकर की मुख्य भूमिका वाली 12वीं फेल ने एक नया मुकाम हासिल किया है जो पिछले 23 वर्षों में किसी ने नहीं किया है। 12वीं फेल ने सिनेमाघरों में सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके अपनी रजत जयंती पूरी की और अभिनेता इस नए रिकॉर्ड के लिए दर्शकों के प्रति जितने आभारी होंगे, वह कम है।विक्रांत मैसी की 12वीं फेल पर छह महीने से अधिक समय तक सिनेमाघरों में सफल प्रदर्शन और सिल्वर जुबली हासिल करके एक नया कीर्तिमान स्थापित करने पर आभार व्यक्त करने वाली पोस्ट शेयर की है।विक्रांत मैसी ने अपनी फिल्म 12वीं फेल को एक नया रिकॉर्ड बनाते देखने के बाद एक भावनात्मक पोस्ट लिखा और इसके लिए दर्शकों को धन्यवाद दिया। अभिनेता की पोस्ट में लिखा है, ÷यह उपलब्धि हासिल करने वाली 23 साल में पहली फिल्म। हमारे सपने को साकार करने के लिए दर्शकों को धन्यवाद। इसे संभव बनाने के लिए आप वास्तव में जिम्मेदार हैं। बहुत-बहुत प्यार।12वीं फेल की भारी सफलता के बाद विक्रांत मैसी रातों-रात स्टार बन गए, अभिनेता ने फिल्म की सफलता को इंडस्ट्री में अपनी दूसरी पारी बताया क्योंकि वह काफी समय से अच्छी कंटेंट वाली फिल्में पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे। 12वीं फेल से पहले वह दीपिका पादुकोण के साथ छपाक में नजर आए थे, जहां एक्टर ने जवान एक्ट्रेस हीरो का किरदार निभाया था, लेकिन आज 12वीं फेल की सफलता ने उन्हें लंबी पहचान दिला दी है. एक शख्स जिसने फिल्म में कमाल दिखाया, वह हैं प्रमुख अभिनेत्री मेधा शंकर, वह फिल्म की जान हैं और उनका अभिनय मंत्रमुग्ध कर देने वाला था। सब कुछ कहा और किया गया, 12वीं फेल इस सफलता और इससे भी अधिक का हकदार है।

# रामायण का प्रोडक्शन हॉलीवुड स्टूडियो में किया जाएगा?



बहुप्रतीक्षित पौराणिक महान कृति, रामायण, हर गुजरते दिन के साथ वैश्विक होती जा रही है। हाल ही में यह बताया गया था कि ऑस्कर विजेता हॉलीवुड संगीतकार हंस जिमर इस मेगा प्रोजेक्ट के लिए संगीत तैयार करने के लिए हमारे अपने ऑस्कर विजेता एआर रहमान के साथ मिलकर काम करेंगे।और अब, बॉलीवुड मीडिया में यह खबर जोरों पर है कि रामायण के निर्माता नमित मल्होत्रा, रामायण को वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट बनाने के लिए संभावित सहयोग के लिए अग्रणी हॉलीवुड स्टूडियो वार्नर ब्रदर्स के साथ बातचीत कर रहे हैं। यह साझेदारी, यदि अंततः सफल होती है, तो नमित मल्होत्रा को रामायण के लिए अतिरिक्त बजट और पैन-इंटरनेशनल मार्केटिंग और वितरण हासिल करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, नमित मल्होत्रा की 7 बार की ऑस्कर विजेता वीएफएक्स कंपनी डीएनईजी को इस अनोखे प्रोजेक्ट के लिए विश्व स्तरीय दृश्य प्रभाव तैयार करने के लिए नियुक्त किया गया है।रामायण में रणबीर कपूर को क्रमशः भगवान राम और साई पल्लवी को देवी सीता के रूप में दिखाया गया है। नितेश तिवारी निर्देशित इस फिल्म में केजीएफ हीरो यश रावण की भूमिका निभाएंगे। यह परियोजना इस सप्ताह की शुरुआत में मुंबई में शुरू हुई।डायरेक्टर नितेश तिवारी की रामायण के सेट से काफी फोटो वायरल हो रही हैं। अभी हाल ही में फिल्म की शूटिंग शुरु हुई है। वायरल वीडियो क्लिप में फैंस को फिल्म सिटी में बनाए गए प्राचीन स्तंभों की झलक मिली। जूम के द्वारा शेयर की गई फोटोज के एक नए सेट से कई और तस्वीरें समाने आई हैं। वायरल तस्वीरों में एक्टर अरुण गोविल को कॉस्ट्यूम दिख रहे हैं, राजा दशरथ के रोल में सेट पर कुछ बाल कलाकारों के साथ सीन्स की शूटिंग करते हुए देखा जा सकता है। वहीं अरुण गोविल को भगवान राम, लक्ष्मण और भरत की भूमिका निभा रहे युवा कलाकारों के साथ बातचीत करते देखा गया। इस दौरान लारा दत्ता को कैकेयी के रुप में सेट पर साड़ी और भारी सोने के गहनों में देखा गया। सूर्पनखा के रोल में एक्ट्रेस शीबा चड्ढा भी नजर आईं।

# फिल्म बड़े मियां छोटे मियां ने बॉक्स ऑफिस पर दूसरे दिन केवल 7 करोड़ कमाए




**बॉक्स ऑफिस पर अपने दूसरे दिन, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ अभिनीत बॉलीवुड फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को दर्शकों से धीमी प्रतिक्रिया मिली। सैकनिल्क के अनुसार, शुरुआती अनुमानों के अनुसार, बड़े मियां छोटे मियां ने अपने दूसरे दिन सभी भाषाओं में लगभग 7.00 करोड़ की भारतीय कमाई की। सैकनिल्क के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, बड़े मियां छोटे मियां ने अपने दूसरे दिन भारत में सभी भाषाओं में लगभग 7.00 करोड़ की कमाई की। कुल कमाई लगभग 22.65 करोड़ है।इसके अलावा, बड़े मियां छोटे मियां ने पहले दिन दुनिया भर में 36.33 करोड़ की कमाई की, निर्माताओं ने शुक्रवार को घोषणा की। प्रोडक्शन बैनर पूजा एंटरटेनमेंट, जिसने एएजेडके साथ मिलकर फिल्म का समर्थन किया है, ने फिल्म के पहले दिन के बॉक्स नंबर साझा किए। प्रेस नोट और अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्टर के माध्यम से भी।स्टूडियो ने कहा, अत्यधिक प्रतीक्षित एक्शन फिल्म ने महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है और दुनिया भर में 36.33 करोड़ के शानदार कलेक्शन के साथ बॉक्स ऑफिस विजेता बनकर उभरी है। शुक्रवार, 12 अप्रैल, 2024 को फिल्म की कुल हिंदी ऑक्यूपेंसी 15.54प्रतिशत थी।अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित, ÷बड़े मियां छोटे मियां÷ में पृथ्वीराज सुकुमारन एक आकर्षक नकारात्मक भूमिका में हैं, उनके साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म तमिल, तेलुगु, मलयालम और कई भाषाओं में रिलीज हुई है। कन्नड़, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और जफर द्वारा निर्मित है।**

**मुंबई, लंदन, अबू धाबी, स्कॉटलैंड और जॉर्डन सहित विभिन्न स्थानों में फिल्माई गई, बड़े मियां छोटे मियां एक एक्शन से भरपूर मनोरंजक फिल्म है। ट्रेलर लॉन्च के दौरान अक्षय कुमार ने इसकी तुलना बैड बॉयज़ जैसी फिल्म से की।फिल्म को अजय देवगन की मैदान के साथ बॉक्स ऑफिस पर टक्कर का सामना करना पड़ा। मानुषी छिल्लर और अलाया एफ द्वारा अभिनीत, ÷बड़े मियां छोटे मियां का निर्माण एएजेडके सहयोग से पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है।**

## खेल सरोवर–खेल सरोवर–खेल सरोवर

# दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ को 6 विकेट से हराया, कुलदीप की बेहतरीन गेंदबाजी

शुक्रवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2024 मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही ये दिल्ली की दूसरी जीत थी। जबकि लखनऊ की ये 5 मैच में से दूसरी हार है। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने आयुष बदोनी के अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में सात विकेट खोकर 167 रन बनाए। जिसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की टीम फेजर के दमदार अर्धशतक की मदद से 11 गेंद शेष रहते हुए मैच जीत गई। कुलदीप यादव (चार ओवर में 20 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद जैक फ्रेजर मैकगुर्क (35 गेंद में 55 रन) और कप्तान ऋषभ पंत (24 गेंद में 41 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी की। पंत और आईपीएल पदार्पण कर रहे मैकगुर्क ने तीसरे विकेट के लिए 46 गेंद में 77 रन की साझेदारी की जिसमें पंत ने चार चौके और दो छक्के लगाये। ऑस्ट्रेलिया के 22 साल के मैकगुर्क ने अपनी पारी में दो चौके और पांच छक्के जड़े।एलएसजी की टीम को सात विकेट पर 167 रन पर रोकने के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने 18.1 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। लखनऊ के लिए रवि बिश्नोई ने दो जबकि नवीन उल हक और यश ठाकुर ने एक-एक विकेट लिया। आयुष बडोनी (नाबाद 55) की नाबाद अर्धशतकीय पारी और आठवें विकेट के लिए अरशद खान (नाबाद 20) के साथ 42 गेंद में 73 रन की अटूट साझेदारी से एलएसजी ने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।बडोनी और अरशद की यह साझेदारी आईपीएल इतिहास में आठवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।'प्लेयर ऑफ द मैच' कुलदीप की शानदार गेंदबाजी के सामने लखनऊ की टीम 13 ओवर के बाद 94 रन पर सात विकेट गवांकर संघर्ष कर रही थी लेकिन बडोनी ने 35 गेंद की नाबाद पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाकर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। कुलदीप ने लोकेश राहुल (39), मार्कस स्टोइनिस (आठ) और निकोल्स पूरन (शून्य) के अहम विकेट चटकाकर लखनऊ को बड़े झटके दिये। खलील अहमद को दो सफलता मिली जबकि इशांत शर्मा और मुकेश



कुमार ने एक-एक विकेट लिये।लक्ष्य का पीछा करते हुए डेविड वार्नर (छह रन) ने पहले ओवर में अरशद के खिलाफ चौका लगाया तो वहीं और पृथ्वी साव (32 रन) ने नवीन उल हक के खिलाफ दो चौके लगाये। यश ठाकुर ने चौथे ओवर में वार्नर को बोल्ड किया लेकिन मैकगुर्क ने छक्का जड़ खाता खोला। उन्होंने इसके बाद अरशद खान की गेंद को दर्शकों के पास भेजा। साव ने छठे ओवर में कृणाल पंड्या की लगातार गेंदों पर चौके लगाये जिससे पावर प्ले में दिल्ली का स्कोर एक विकेट पर 62 रन हो गया। सातवें ओवर में गेंदबाजी के लिए रवि बिश्नोई की गेंद पर पूरन ने साव का शानदार कैच लपका। साव ने 22 गेंद की पारी में छह चौके लगाये।लखनऊ के गेंदबाजों ने इसके बाद कुछ समय के लिए दिल्ली के बल्लेबाजों पर शिकंजा कसा लेकिन कप्तान ऋषभ पंत ने 11वें ओवर में बिश्नोई के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर रन गति को थोड़ा तेज किया। उन्होंने इसके साथ ही इस लीग में 3000 रन के आंकड़े को पूरा किया। बिश्नोई ने अगले ओवर में स्टोइनिस की गेंद पर मैकगुर्क का आसान कैच टपकाया और पंत ने इसी ओवर में दो चौके जड़कर टीम के रनों का सैंकड़ा पूरा किया। मैकगुर्क ने जीवनदान का फायदा कृणाल के ओवर में लगातार तीन छक्के लगाकर मनाया। उन्होंने 14वें ओवर में ठाकुर के खिलाफ चौका और तीन रन लेकर 31 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।इसी ओवर में पंत ने अपनी पारी का दूसरा छक्का लगाया जिससे पहली बार जरुरी रनों का आंकड़ा गेंद से कम हो गया। नवीन ने मैच के 15वें ओवर में मैकगुर्क को पवेलियन की राह दिखायी और फिर बिश्नोई की गेंद को क्रीज से बाहर निकलने की कोशिश में पंत स्टंप हो गये। साई होप (नाबाद 11 रन) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 15 रन) ने इसके बाद जरूरी बनाकर औपचारिकता पूरी की। इससे पहले क्विंटन डिकॉक (19 रन) ने पारी की पहली ही गेंद पर खलील के खिलाफ चौका जड़ने के बाद ओवर का अंत भी इसी अंदाज में किया। कप्तान राहुल ने तीसरे ओवर में इस गेंदबाज का स्वागत कवर क्षेत्र के ऊपर से छक्का लगाकर किया लेकिन बायें हाथ के इस तेज गेंदबाज ने डिकॉक को पगबाधा कर दिल्ली को पहली सफलता दिलाई।उन्होंने अपने अगले ओवर में देवदत्त पडिक्कल (तीन रन) को भी चलता किया। राहुल इस बीच इशांत शर्मा की गेंद को बाउंड्री पार पहुंचाने के साथ छठे ओवर में गेंदबाजी के लिये आये मुकेश का स्वागत लगातार दो चौके से किया जिससे लखनऊ के रनों का पचासा पूरा हुआ। चोट से उबर कर टीम में वापसी कर रहे कुलदीप ने आठवें ओवर में लगातार गेंदों पर स्टोइनिस और पूरन (शून्य) को आउट कर बड़े झटके दिये। इस खब्बू गेंदबाज ने अपने अगले ओवर में राहुल का शिकार किया। विकेटकीपर ऋषभ पंत ने उनका शानदार कैच लपका और फिर मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ सफल रिव्यू लिया।इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर आये दीपक हुड्डा (10) 12वें ओवर में इशांत की गेंद को हवा में खेल गये और वार्नर ने कैच लपकने में कोई गलती नहीं की। अगले ओवर में मुकेश कुमार ने कृणाल पंड्या (तीन) को आउट किया जिससे लखनऊ ने 94 रन पर सातवां विकेट गंवा दिया। आयुष बडोनी ने लगातार दो चौके लगाकर रन गति तेज करने की कोशिश की। उन्होंने 18वें ओवर में खलील की गेंद को दर्शकों के पास भेजा तो अरशद ने भी इस ओवर में चौका लगाकर उनके आंकड़े को खराब किया।बडोनी ने 19वें ओवर में मुकेश के खिलाफ चौका लगाकर 31 गेंद में अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। उन्होंने ओवर की आखिरी गेंद पर एक रन लेकर 31 गेंद में आईपीएल करियर का तीसरा पचासा पूरा किया। बडोनी और अरशद दोनों ने आखिरी ओवर में इशांत के खिलाफ एक-एक चौका लगाया जिससे टीम ने आखिरी तीन ओवर में 39 रन बटोरे।

# बच्चों की फीस देने के पैसे नहीं, एमएस धोनी का मैच देखने के लिए फैन ने खरीदा 64 हजार का टिकट



एमएस धोनी की फैन फॉलोइंग किसी से छुपी नहीं है। उनके लिए दिवानगी लोगों के सिर चढ़कर बोलती है। चेन्नई सुपर किंग्स के फैंस के लिए माही किसी भगवान से कम नहीं है। फैंस उनकी एक झलक के लिए किसी भी हद से गुजर जाते हैं। इसका एक उदाहरण सामने आया है। दरअसल, सीएसके का एक मैच देखने के लिए एक फैन ने पूरे 64 हजार रुपये खर्च कर दिए। सबसे बड़ी बात ये है कि उस शख्स के पास बच्चों के स्कूल की फीस भरने के लिए पैसे नहीं थे, लेकिन किसी तरह धोनी को देखने के लिए उसने मैच की टिकट ब्लैक में खरीदी। चेन्नई के एक चैनल से बातचीत के दौरान धोनी के इस फैन ने कहा कि, मुझे टिकट नहीं मिले, इसलिए मैंने उन्हें ब्लैक में खरीदा। इसकी कीत 64 हजार रुपये थी। मुझे अभी भी स्कूल की फीस का भुगतान करना है। लेकिन हम एमएस धोनी को सिर्फ एक बार देखना चाहते थे। इसी कारण से ब्लैक में ही टिकट खरीद लिया। ये फैन अपनी तीन बेटियों के साथ मैच देखने आया था।

# मतदाता जागरुकता अभियान में तेजी लायें, मतदान की सभी तैयारियाँ कर लें - मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार

## भारत निर्वाचन आयोग ने सामान्य, पुलिस एवं व्यय प्रेक्षकों के साथ वीसी में निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा की

भोपाल । मुख्य निर्वाचन आयुक्त, राजीव कुमार ने निर्वाचन सदन, नई दिल्ली से लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये नियुक्त सामान्य, पुलिस एवं व्यय प्रेक्षकों के साथ वीसी के जरिये तैयारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार एवं डॉ. सुखबीर सिंह संधू भी उपस्थित थे।

बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार ने विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में निर्विघ्न निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये नियुक्त केन्द्रीय प्रेक्षकों से सीधी चर्चा कर फीडबैक लिया। श्री कुमार ने प्रेक्षकों से कहा कि वे अपने-अपने संसदीय क्षेत्र से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये मतदाता जागरुकता अभियान मे तेजी लायें। प्रयास यह होना चाहिए कि मतदान के दिन मतदाता अपने घरों से निकल कर मतदान जरूर करें। कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रहे।श्री कुमार ने कहा कि सभी प्रेक्षक निर्विघ्न मतदान के लिये सभी तैयारियाँ अपनी निगरानी में करायें। मतदान के समय तेज गर्मी हो सकती है, इसीलिये सभी मतदान केन्द्रों में छाया, ठंडा पानी, दवाईयां, ओआरएस पैकेट आदि अवश्य उपलब्ध रहें। मतदान करने के लिये मतदान केन्द्र में आने पर मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।सभी निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के लिए पहले से तैयारी करना और सभी उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करायें। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के भीतर भौतिक रूप से उपलब्ध रहकर पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान सजग व सतर्क रहें। उम्मीदवार और राजनीतिक दलों के बीच मोबाइल/लैंडलाइन/ईमेल/रहने के स्थान और प्रसार का व्यापक प्रकाशन करायें, इससे वे आम जनता/उम्मीदवार और राजनीतिक दलों के लिए दैनिक आधार पर दिये गये नंबरों/पते पर उपलब्ध हों।मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने निर्देशित किया है कि सुनिश्चित करें कि केंद्रीय बलों/राज्य पुलिस बलों का उपयोग विवेकपूर्ण तरीके से किया जा रहा है और तटस्थता बनाए रखी जा रही है। ईवीएम/वीवीपैट एवं मतदान कर्मियों का अपनी उपस्थिति में रैंडमाइजेशन करायें। 85 वर्ष से अधिक और दिव्यांगजनों के लिए घर पर मतदान और व्यक्तियों के लिए पोस्टल बैलेट की प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न हो। यह भी सुनिश्चित हो कि मतदाता सूची राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को आपूर्ति की जा रही है।सभी अभ्यर्थियों/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ईवीएम/वीवीपैट की कमीशनिंग सुनिश्चित करायें। ईवीएम स्ट्रांग रूम में मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करें और सभी उम्मीदवारों के अधिकृत एजेंटों की उपस्थिति सुनिश्चित करें।वीसी में बताया गया कि समय पर सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए अधिकृत अधिकारी के समग्र प्रभार के तहत जिलों में एकीकृत नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। सुनिश्चित करें कि मतदान दिवस के पूर्व मतदाता सूचना पर्चियों का शत-प्रतिशत वितरण कर लिया गया है। सभी आईटी एप्लीकेशन जैसे सी-विजिल, वोटर हेल्पलाइन ऐप, सक्षम ऐप, चुनाव कर्मचारियों द्वारा ENCORE, सुविधा ऐप आदि का उपयोग किया जा रहा है। सुनिश्चित करें कि मतगणना कर्मियों, माइक्रो ऑब्जर्वर सहित सभी मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण व्यवस्थित तरीके से आयोजित किया जा रहा है। निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों का दौरा करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी मतदान केंद्रों पर सभी सुविधाएं मौजूद हैं।मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सहायता बूथ की स्थापना, दिव्यांगों, शारीरिक रूप से अक्षम, महिलाओं, बुजुर्गों और कुष्ठ रोग से प्रभावित मतदाताओं के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध रहे। मतदान के दौरान मतदान केंद्रों के बाहर कतार में इंतजार कर रहे मतदाताओं के लिए पीने के पानी, शेड/शामियाना की सुविधाएं और बैठने की उचित व्यवस्था करें।उड़न दस्ते, सांख्यिकी निगरानी दल, वीडियो देखने वाले दल, सीमा जांच चौकियां, नाके आदि चौबीसों घंटे अपना काम कर रहे हैं और प्रयास किए जा रहे हैं कि नकदी, शराब, मुफ्तखोर, ड्रग्स/मादक पदार्थों की आवाजाही और वितरण न हो। राजनीतिक विज्ञापन और पेड न्यूज के पूर्व-प्रमाणन के लिए मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियों द्वारा उचित कार्य किया जाये।मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार ने केन्द्रीय प्रेक्षकों से चर्चा के दौरान मध्यप्रदेश के लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्र-13 जबलपुर के सामान्य प्रेक्षक श्री प्रांजल यादव से बात कर जानकारी ली। सामान्य प्रेक्षक ने आयोग को जबलपुर संसदीय क्षेत्र में मतदान की तैयारियों की सिलसिलेवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदाता जागरुकता गतिविधियां प्रभावी तरीके से संचालित की जा रही हैं। मतदाताओं को रोचक तरीको से उनके वोट का महत्व समझाया जा रहा है।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन और पुलिस महानिरीक्षक (कानून व्यवस्था) एवं राज्य पुलिस नोडल अधिकारी श्री अंशुमन सिंह ने वीसी के जरिये आयोग की बैठक में सहभागिता की।

## तीसरे चरण के लिए पहले दिन 7 अभ्यर्थियों ने भरे नाम-निर्देशन पत्र

भोपाल । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 12 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। तीसरे चरण के नामांकन के पहले दिन शुक्रवार को 7 अभ्यर्थियों ने 8 नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये।श्री राजन ने बताया कि तीसरे चरण में लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-3 ग्वालियर, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-4 गुना एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-19 भोपाल में 1-1 अभ्यर्थी द्वारा 1-1 नाम-निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक क्रमांक-18 विदिशा में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 नाम निर्देशन पत्र और लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-20 राजग? में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 3 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये। शेष लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-1 मुरैना, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-5 सागर और लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-2 भिण्ड (अजा) में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा कोई भी नाम-निर्देशन पत्र दाखिल नहीं किया गया। संसदीय क्षेत्र क्र. 29 बैतूल के लिये केवल बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी द्वारा नामांकन भरा जाना है। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आज कोई भी नामांकन पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किये गये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियाँ भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https://affidavit.eci.gov.in/ पर देखी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि शुक्रवार, 19 अप्रैल है। इसके अगले दिन शनिवार, 20 अप्रैल को नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर चुके प्रत्याशी सोमवार 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। तीसरे चरण के लिए मंगलवार 7 मई को मतदान होगा। सभी चरणों के मतदान की मतगणना मंगलवार, 4 जून को होगी।

## भोपाल की मधु थामस को अमेरिका में मिला बेस्ट टीचर का खिताब



भोपाल। भारतीय ज्ञान और कौशल का एक बार फिर विश्व स्तर पर सम्मान हुआ है। इस बार मान का यह मुकुट मधु थामस के मस्तक पर सुशोभित हुआ है, जो पेशे से शिक्षक हैं। हाल ही में फ्लोरिडा स्टेट टीचर आफ द ईयर अवार्ड-2024 के लिए मधु का चयन हुआ। अमेरिका में यह सम्मान पाने वाली वे भारत की पहली शिक्षिका हैं।यहां पर यह बता दें कि मधु थामस भोपाल में पली-बढ़ी हैं। सेंट जोसेफ कांवेंट स्कूल और बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में उन्होंने प?ाई पूरी की। इसके अलावा उन्होंने राधाकृष्णन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उन्होंने बतौर विज्ञान शिक्षिका के रूप में सेवाएं दी। 21 वर्ष पहले उनका चयन अमेरिकन इंस्टीट्यूट आफ केमिकल इंजीनियर्स के लिए हुआ। अपने लंबे कार्यकाल में मधु ने विज्ञान शिक्षा के अभिनव प्रयोग, अनुशासन, विद्यार्थियों के मनोविज्ञान और बेहतर व्यक्तित्व के निर्माण के लिए एक कर्तव्यनिष्ठ शिक्षिका का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनकी उपलब्धियों और संस्थागत प्रतिबद्धता को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें स्टेट टीचर आफ द ईयर के लिए चुना गया।गत नौ अप्रैल को अमेरिका में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मान पट्टिका और स्मृति चिह्न भेंट कर मधु को पुरस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि अमेरिकन इंस्टीट्यूट आफ केमिकल इंजीनियर्स की स्थापना वर्ष 1908 में की गई थी। दुनिया भर के 110 देशों के साठ हजार से भी अधिक पेशेवर इंजीनियर्स और शोधार्थी वहां काम करते हैं।

## भोपाल लोकसभा सीट से हर बार 10 से ज्यादा प्रत्याशी मैदान में

सीहोर।1989 से भोपाल लोकसभा सीट पर भाजपा का गढ़ है। 1989 में भाजपा के सुशील चंद्र वर्मा ने इस सीट पर अपना कब्जा किया। इससे पहले इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा था, लेकिन शुरू से ही यहां आमने-सामने की टक्कर रही। पहले कांग्रेस की टक्कर जन संघ और फिर जनता दल से था। बाद में यह मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच रहा। ये मुकाबला हमेशा सीधा-सीधा रहा।अब भी मुकाबला आमने-सा मने का ही है, लेकिन इस मुकाबले में कांग्रेस लगातार पिछड़ती जा रही है और भाजपा मजबूत होती जा रही है। इसके बाद भी कई पार्टी और निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में भाग्य आजमाने उतरते हैं। हर बार इन प्रत्याशियों की जमानत जब्त होती है, लेकिन वे मैदान में उतरते हैं और मुकाबला करते हैं। हर साल भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों को छोड़कर सबकी जमानत जब्त हो जाती है। पर कुछ चुनाव ऐसे भी हुए जब 43 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई।भोपाल लोकसभा सीट पर हर बार 10 से ज्यादा ही प्रत्याशी मैदान में होते हैं। जिनमें से दो को छोड़कर सबकी जमानत जब्त हो जाती है, लेकिन 1989, 1991 और 1996 के चुनाव में 36 से 43 प्रत्याशी तक मैदान में उतरे और इन प्रत्याशियों में से सिर्फ सात प्रत्याशी ही जमानत बचा पाए। बाकि 111 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई। इस दौरान कई प्रत्याशियों को 100 के आस-पास मत मिले। ये क्रम लगातार 1989, 1991 और 1996 तक जारी रहा। इसके बाद भी प्रत्याशी भाग्य आजमाते रहे।

## आरजीपीवी के पूर्व कुलपति सुनील कुमार को भेजा जेल, सेवानिवृत्त वित्त नियंत्रक की ऋषिकेश वर्मा की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

भोपाल । राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में 19.48 करोड़ की आर्थिक अनियमितताओं के मामले में गिरफ्तार तत्कालीन कुलपति प्रो. सुनील कुमार गुप्ता को पुलिस ने शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया। यहां से विशेष न्यायाधीश राम प्रसाद मिश्र ने आरोपित गुप्ता को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गांधी नगर थाना पुलिस द्वारा 03 मार्च को आरजीपीवी के खाते से निजी खातों में 19.48 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जाने के मामले में एफआइआर दर्ज किए जाने के बाद से ही वह फरार चल रहे थे। विगत गुरुवार को पुलिस ने उन्हें रायपुर में रिश्तेदार के घर से गिरफ्तार किया था।उधर, इस मामले में फरार



आरोपित तत्कालीन वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा की अग्रिम जमानत पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। अदालत ने अग्रिम जमानत का आवेदन निरस्त कर दिया। फरार आरोपितों की संपत्ति कुर्क करने के विषय पर न्यायालय में सोमवार को सुनवाई होगी। इस मामले में दो आरोपित तत्कालीन कुलसचिव आरएस राजपूत और सेवानिवृत्त वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा अब भी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में सरगर्मी से जुटी है।इस मामले में पुलिस अब तक चार आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। सबसे पहले 22 मार्च को एसआइटी ने आरबीएल बैंक के तत्कालीन मैनेजर कुमार मयंक को अहमदाबाद से गिरफ्तार किया था। रिमांड पर पूछताछ करने के बाद मयंक जेल भेज दिया गया। चार अप्रैल को एक्सिस बैंक, पिपरिया के पूर्व प्रबंधक राम रघुवंशी को एवं पांच अप्रैल को दलित संघ, सोहागपुर के सदस्य सुनील कुमार रघुवंशी को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह दोनों भी जेल में हैं।

# कांग्रेस सिर्फ बातें करती रहीं, मोदी सरकार ने दिया बाबासाहब को सम्मान-रामदास आठवले

भोपाल। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के अध्यक्ष रामदास आठवले ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ बातें करती है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहब आंबेडकर को वास्तव में सम्मान दिया है। आठवले ने शुक्रवार को यह बात भाजपा मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देगी। इस बार लोकसभा चुनाव में छिंदवाड़ा सहित मध्य प्रदेश की सभी 29 सीटों पर भाजपा जीत हासिल करेगी और देश में अबकी बार, 400 पार का नारा साकार होगा।केंद्रीय मंत्री आठवले ने



कहा कि कांग्रेस पार्टी और आइएनडीआइए गठबंधन के पास कोई दूसरा विषय नहीं है, इसलिए वो बोलते हैं कि देश का लोकतंत्र खतरे में है। प्रधानमंत्री मोदी लोकतांत्रिक तरीके से देश को चला रहे हैं। लोकतंत्र नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी और आइएनडीआइए गठबंधन खतरे में है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के लोग मोदी के बारे में उल्टी-सीधी बातें बोलते हैं, गालियां देते रहते हैं, लेकिन ये मोदी को जितनी गालियां देंगे, उनके वोट उतने ही बढ़ते हैं। आठवले ने कहा कि 2019 में कांग्रेस ने राफेल विमान खरीदी के नाम पर बखेड़ा किया था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह साफ कर दिया था कि राफेल खरीदी में कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ। इसके बाद राहुल गांधी को माफी मांगनी प?ी थी।आठवले ने कहा कि कांग्रेस और आइएनडीआइए गठबंधन के लोग ईडी, सीबीआइ जैसी संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाती हैं, जो गलत है। ईडी हो या सीबीआई ये सभी संवैधानिक संस्थाएं हैं और ये नियम-कानून के हिसाब से चलती हैं, भारतीय जनता पार्टी के हिसाब नहीं। उन्होंने कहा कि चाहे हेमंत सोरेन हों या अरविंद केजरीवाल हों, इनके खिलाफ सरकारी एजेंसियों के पास पर्याप्त सबूत हैं, जिसके आधार पर इनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि अगर विपक्षी नेताओं को यह लगता है कि वो गलत नहीं हैं, तो वे कोर्ट जाएं, कोर्ट उनकी बात सुनेगा। इन नेताओं को न्यायपालिका पर विश्वास है या नहीं।

# बैंक कर्मियों ने ली बैंकिंग, समाज और राष्ट्र के लिए सार्थक योगदान देने की प्रतिज्ञा

## स्वास्थ्य शिविर लगाया, सहजयोग का ध्यान शिविर, बाल गृह में वितरित की पाठ्य सामग्री



उज्जैन। पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय उज्जैन में 12 अप्रैल को बैंक का 130वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर बैंक के संस्थापक एवं स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत रायजी को पुष्प अर्पित किये गए तथा बैंक कर्मियों द्वारा बैंकिंग, समाज और राष्ट्र के लिए/सार्थक योगदान देने हेतु प्रतिज्ञा ली गयी। इस अवसर पर बैंक द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत मेदांता ग्रुप इंदौर के सौजन्य से सुभाष नगर शाखा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन का आयोजन किया गया। वहीं सहजयोग उज्जैन द्वारा मंडल कार्यालय उज्जैन में ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। शासकीय बाल गृह (बालक), उज्जैन में पाठ्य सामग्री वितरित की गयी। इस अवसर पर मंडल प्रमुख विजय कुमार ने बैंककर्मियों को संबोधित किया तथा सामाजिक उत्थान में बैंकिंग की भूमिका को सारगर्भित किया। बैंक के स्थापना दिवस को मंडल कार्यालय के अंतर्गत शाखाओं ने भी हर्ष उल्लास के साथ मनाया।

# पुष्करणा महिला मण्डल ने की गणगौर पूजा



उज्जैन। पुष्करणा महिला मण्डल एवं जहाजगली मारवाडी महिलाओं द्वारा जहाजगली में माता गणगौर एवं ईश्वर जी का पुजन किया गया। भूमिका पुरोहित ने बताया कि गणगौर तीज के उपलक्ष्य में पुष्करणा महिला मण्डल उज्जैन द्वारा विगत 2 अप्रैल से माता गणगौर एवं ईश्वर जी का पुजन अर्चन एवं झालरे का आयोजन किया जा रहा था। इस महोत्सव के समापन दिवस पर महिला मंडल एवं जहाजगली क्षेत्र की मारवाडी महिलाओ द्वारा गणगौर का पुजन किया गया एवं अपने अपने पतियो एवं परिवार की खुशहाली की कामना कि गयी। इस अवसर पर सभी ने उत्साह पुर्वक भाग लिया एवं संध्या काल में विसर्जन किया गया। इस अवसर पर श्यामा पुरोहित, शकुन्तला लढढा, लता व्यास, मीता, प्रभा, मीना, संतोष, गौरी, प्रेरणा, शालिनी पुरोहित, मेघा, अंकिता राणा, तृप्ति, प्रीति खण्डेलवाल, भारती शर्मा, दीपा केवलिया, अक्षीता, विधि, रीति, खुशी, वैदिका आदि उपस्थिति रहे।

# राजपूत समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन हेतु विदेश से भी प्रविष्टियां प्राप्त

## अमेरिका ऑस्ट्रेलिया जर्मनी से भी आएंगे समाज के लोग

उज्जैन। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं राजपूत सोशल ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में क्षत्रिय राजपूत समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन 14 अप्रैल को सुबह 11.00 से शर्मा परिसर देवास रोड पर आयोजित किया जाएगा। क्षत्रिय महासभा के प्रदेश पदाधिकारी किशोर सिंह भदौरिया नरेश सिंह भदौरिया ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि इंदौर के उद्योगपति सुरेश सिंह भदौरिया विशेष अतिथि प्रसिद्ध कथा वाचक सुलभ शर्मा जानी गुरु एवं संत मनीष महाराज ददरौआ धाम होंगे। अध्यक्षता पूर्व आईजी डॉ रमण सिंह सिकरवार करेंगे। सम्मेलन हेतु 700 प्रविष्टियां प्राप्त हुई है जिसमें अमेरिका आस्ट्रेलिया जर्मनी से आई प्रविष्टियां भी शामिल है। सम्मेलन में समाज की प्रतिभाओं एवं पार्षदों का सम्मान किया जाएगा। सम्मेलन में भोजन और नाश्ते के अलावा पत्रिका मिलान हेतु ज्योतिष रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड से आने जाने की व्यवस्था निशुल्क की गई है। संगठन द्वारा अभी तक 1000 से अधिक शादियां कराई गई है। होने वाले आयोजन को सफल बनाने के लिए समितियां का गठन किया गया है। समितियां में राजवीर सिंह तोमर मनोहर सिंह चौहान राणा प्रताप सिंह तोमर शिवेंद्र सिंह भदौरिया सुंदर सिंह भदौरिया आर एस राठौड़ विजेंद्र सिंह कुशवाह मनोज सिंह भदौरिया रतन सिंह भदौरिया सूर्यपाल सिंह कुशवाह राकेश सिंह भदौरिया छवि नंदन सिंह चौहान, संजीव सिंह रामकिशन सिंह भदौरिया आदि को शामिल किया गया है।

# थाईलैंड के बौध्द भिक्खुओं के साथ बौध्द धर्म के प्रचार, साधना की विधि पर चर्चा

## भारत में वापसी पर उज्जैन, बुन्देलखण्ड, नागपुर, सारनाथ, बुद्ध गया बिहार मे होंगे आयोजन



उज्जैन। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक एवं चियांग माई में भारत के उज्जैन सहित अन्य शहरों से पहुंचे बौध्द भिक्खू अन्य थाईलैंड के बौध्द भिक्खुओं के साथ बौध्द धर्म के प्रचार, साधना की विधि पर विस्तार से चर्चा कर रहे हैं। आगामी बुध्द पूर्णिमा पर उज्जैन, बुंदेलखंड सहित अन्य स्थानों पर विशाल आयोजन होगा।

उज्जैन और मध्य भारत में काम करने वाले बौद्ध भिक्खु डॉ सुमेध थेरो, उपाली महाथेरो, सम्पूर्णानन्द थेरो, धम्मशील थाइलैण्ड में भिक्खु एवं उपासकों के साथ बौद्ध धम्म यात्रा प्रचार प्रसार में बैंकाक, एवं चियांगमाई में भारत की अमिट छाप छोड़ रहे हैं। बौद्ध भिक्खु डॉ सुमेध थेरो ने बताया कि बुद्ध की शिक्षा पहले, मध्य और अन्त में सभी के लिए कल्याणकारी है अतः इन्हें एशिया का प्रकाश कहा जाता है। थाईलैंड में बौद्ध भिक्खु और उपासकों से संवाद एवं साधना की शिक्षा को मानने और प्रचारित करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उज्जैन की बुध्दिस्ट सोसाइटी के साथ मिलकर सिहंस्थ कुम्भ मेला और बाद के समय में त्र्मणेर शिविरों का आयोजन किया गया है। जिसमें उज्जैन बुध्दिस्ट सोसायटी के डॉ हरीबाबू कटारिया तथा आनंद बौद्ध मुख्य सहयोगी रहे हैं। भारत में वापसी पर उज्जैन, बुन्देलखण्ड, नागपुर, सारनाथ, बुद्ध गया बिहार मे कार्यक्रम प्रस्ताव में लाये गए हैं।

# कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा दिव्य श्री शिव शक्ति 108 कुण्डीय महायज्ञ

**उज्जैन। अध्यक्ष अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद श्री महंत रविन्द्रपूरी महाराज श्री पंच।, गुरु माँ श्री श्री 1008 महामण्लेश्वर मंदाकिनी पुरी महाराज की प्रेरणा से श्री नागचन्द्रेश्वर भक्त मण्डल के तत्वावधान में देश के महान संतो का महाकुम्भ एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। 14 अप्रैल से होने वाले दिव्य श्री शिव शक्ति 108 कुण्डीय महायज्ञ की शुरूआत विशाल भगवा कलश यात्रा से होगी। इस कलश यात्रा में शामिल होने हेतु शिव शक्ति का आवाहन करते हुए गुरु माँ श्री श्री 1008 महामण्लेश्वर मंदाकिनी पुरी महाराज के द्वारा महिलाओं को साड़ी भेंट की गई।**

श्री पंचायती निरंजनी अखाडा, बडनगर रोड पर होने जा रहे इस महामहोत्सव में 14 अप्रैल को प्रातः 8 बजे विशाल भगवा कलश यात्रा निकलेगी जो रामघाट पर पूजन के बाद रामानुजकोट से कहारवाड़ी, गुदरी चौराहा, गोपाल मंदिर, ढाबा रोड़, छोटी रपट होते हुए निरंजनी अखाड़ा पहुंचेगी। 15 अप्रैल से 19 अप्रैल तक श्री शिव शक्ति 108 कुण्डीय महायज्ञ एवं 19 अप्रैल को सर्व हिन्दू समाज निःशुल्क सामुहिक विवाह सम्मेलन शास्त्रोक्त विधान से सम्पन्न होने जा रहा है। साथ ही भव्य संत समागम संतो का महाकुंभ का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश के अनेक संत, महंत, मण्डलेश्वर सम्मलित होगें। समारोह में संतश्री सुधीर भाई गोयल सेवाधाम आश्रम, श्री महामण्डलेवर सुरेशानंद पुरी-दिल्ली, श्री महामण्डलेश्वर 1008 श्री नर्मदाशंकर पुरी महाराज, श्री महामण्डलेश्वर मां अन्नपूर्णा पुरी महाराज (वर्षा नागर), ज्ञानेश्वर पुरी माँ, रूद्राणी पुरी माँ, कल्याणी पुरी मां, मीरा पुरी मां, राजराजेश्वरी पुरी माँ, अम्बीका पुरी माँ, श्री तुलसी माता, श्री सुरेश्वरानंद पुरी, श्री निलेशानंद पुरी, श्री प्रकाशानंद पुरी, श्री गादीपती सूरेशानंद पुरी, श्री महंत कलकीराम पुरी (योगाचार्य) सहित देशभर के संत महंत शामिल होंगे।

भक्त मंडल के केसरसिंह पटेल, विजय मीणा, अश्विनी कुमार चौधरी, अशोक शर्मा, महेश पटेल, राज जोशी, शोभा सोलंकी, बोधानंदजी गिरी महाराज, विजय पटेल, हाकम सिंह पटेल, प्रकाश बैरागी, रविन्द्र भदोरिया, नवीन यादव, जीवन सिंह पटेल, मेहरबान सिंह चावड़ा, राजेश पटेल ने धर्मप्राण जनता से अनुरोध किया है कि इस दिव्य श्री शिव शक्ति 108 कुण्डीय महायज्ञ व संत समागम एवं सामुहिक विवाह में सभी धर्मानुरागी एवं संत समाज इसे सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।




## भोजन शाला में भोजन सेवा में दान देने वाले दाताओं के नाम

| क्रमांक | दिनांक | दानदाता का नाम | स्थान | जन्मदिन-स्मृति में भोजन सेवा | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 13.04.2024 | ओमप्रकाश अग्रवाल | मेघदूत परिसर,उज्जैन | स्वयं के जन्मदिन एवं शादी की सालगिरह पर | आज का भोजन |
| 2. | 13.04.2024 | श्री पटेल परिवार की ओर से | उज्जैन | स्व.डॉ.बमशंकर जोशी की पुण्य स्मृति में | आज का भोजन |
| 3. | 13.04.2024 | डॉ.आर.ए.मुदगल | महाश्वेतानगर,उज्जैन | आदित्य मुदगल के जन्मदिन पर | आज का भोजन |

**उज्जयिनी सेवा समिति द्वारा जिला चिकित्सालय उज्जैन में संचालित भोजन शाला में पिछले 25 वर्षों से समिति भोजन सेवा दे रही है। प्रतिदिन सैकड़ों जरूरतमंद और उज्जैन आने वाले यात्री मात्र 5 रू. में स्वादिष्ट भरपेट भोजन कर रहे हैं। शुक्रवार दिनांक 12 अप्रैल को भोजनशाला में कुल 312 लोगों ने भोजन प्रसादी प्राप्त की।**

# भाजपा का नामांकन 22 अप्रैल को, मुख्यमंत्री आएंगे



उज्जैन(सुशील दुबे)। भारतीय जनता पार्टी के सांसद उम्मीदवार अनिल फिरोजिया के पक्ष में नामांकन दाखिल करने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव आएंगे।

भाजपा के सांसद उम्मीदवार अनिल फिरोजिया 22 अप्रैल को सुबह 10 बजे अपना नामांकन दाखिल करेंगे। रैली के रूप में नामांकन कार्यालय पहुंचने वाले अनिल फिरोजिया के साथ प्रदेश मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव भी होंगे। उज्जैन आलोट लोकसभा चुनाव के संयोजक तेज बहादुर सिंह ने बताया कि अनिल फिरोजिया22 अप्रैल को सुबह 10 बजे अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। प्रदेश मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। इसी तरह कांग्रेस में भी नामांकन पत्र 21 या 23 अप्रैल को कांग्रेस के प्रत्याशी महेश परमार अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के उपस्थित रहने की संभावना है। दोनों दलों भाजपा और कांग्रेस में फिलहाल बैठकों का दौर चल रहा है। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय लोक शक्ति पर नगर निगम की सभापति कलावती यादव ने बैठक ली है। इसी प्रकार कांग्रेस कार्यालय के प्रथम स्थल पर स्थित लोकसभा चुनाव के कार्यालय पर शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी ने बैठक ली है। उल्लेखनीय की इस बार लोकसभा के चुनाव में 18 से 25 अप्रैल तक नामांकन जमा करने की तारीख है। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 29 अप्रैल को नाम वापसी की तारीख रहेगी और 13 म ई को मतदान किया जाएगा। 4 जून को मतगणना एवं परिणामों का कार्यक्रम रखा गया है।



## वाहन दुर्घटना में दो मृत

उज्जैन। इंदौर रोड पर प्रशांति धाम चौराहा एवं होटल मेघदूत के सामने दो लोगों की मृत्यु हो गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना नाना खेड़ा अंतर्गत प्रशांति धाम चौराहे पर एक बस ने स्कूटी में टक्कर मार दी। उप निरीक्षक अन्नपूर्णा कोठारिया ने इस मामले में बताया कि 1 वर्ष में लापरवाही एवं तेज गति से चलते हुए स्कूटी में टक्कर मार दी जिसमें इंदौर स्कीम नंबर 51के70 वर्षीय सुरेंद्र कुमार पिता लक्ष्मी नारायण जायसवाल की मौके पर मौत हो गई। इसी प्रकार उप निरीक्षक सुरेश क्लेश ने बताया कि एक बस ने मोटर साइकिल में टक्कर मार दी जिसमें ग्राम डेंडिया के निवासी 50 वर्षीय मदनलाल पिता भेरुलाल परमार की मृत्यु हो गई है। इसी प्रकार प्रधान आरक्षक भंवरलाल यादव ने बताया कि महामृत्युंजय द्वारा के पास वसंत विहार तिराहे पर एक ई रिक्शा ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिसमें इंदौर रोड के नवा खेड़ा के रहने वाले 60 वर्षीय अजय पिता हीरालाल जाट घायल हो गए हैं।

# प्रेमिका का फोन रिसीव किया तो पत्नी के सिर पर नारियल दे मारा



उज्जैन। इंदौरगेट क्षेत्र में रहने वाली महिला का पति बाथरूम में नहा रहा था। उसका मोबाइल चार्जिंग पर लगा था। तभी मोबाइल पर कॉल आया जिसे महिला ने रिसीव किया और पति की प्रेमिका को समझाने लगी तभी पति बाथरूम से निकलकर आया और बोला मेरे फोन पर क्यों बात कर रही है दोनों के बीच विवाद के दौरान पति ने नारियल उठाकर पत्नी का सिर फोड़ दिया जिसकी रिपोर्ट महाकाल थाने में दर्ज कराई गई।

पुलिस ने बताया कि किरण पति नीतिन 33 वर्ष निवासी इंदौरगेट की रिपोर्ट पर उसके पति के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। किरण ने पुलिस को बताया कि गुरूवार शाम 6 बजे पति नीतिन बाथरूम में नहा रहा था और उसका मोबाइल चार्जिंग पर लगा था तभी नीतिन के मोबाइल पर उसकी प्रेमिका का कॉल आया जिसे किरण समझाने लगी।आवाज सुनकर नीतिन बाथरूम से बाहर आया व किरण से विवाद करते हुए उसका सिर नारियल से फोड़ दिया। किरण ने डायल 100 पर पुलिस को सूचना दी और थाने पहुंचकर पति के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई।

# टेंट का पाइप छूते ही करंट लगा रिटायर्ड एएसआई ने दम तोड़ा

उज्जैन। अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी में रहने वाले रिटायर्ड एएसआई रात को पड़ोसी के यहां सुंदरकांड में शामिल होने गये थे। वहां लगे टेंट के लोहे के पाइप को छूते ही उन्हें करंट लगा जिससे उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया है।सुखनंदन सिंह पिता गोपालशरण 64 वर्ष निवासी अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी पुलिस विभाग में एएसआई पद से दो वर्ष पहले रिटायर्ड हुए थे। रात को पड़ोसी के यहां सुंदरकांड का पाठ था जिसमें शामिल होने सुखनंदन पहुंचे। सुंदरकांड के बाद वह रात 9 बजे के करीब घर आने के लिये उठे और टेंट का लोहे का पाइप पकड़ा जिसमें फैले करंट की चपेट में आ गये और उनकी मृत्यु हो गई।परिजनों ने बताया कि लोहे के पाइप पर हेलोजन लगा था उसका कोई वायर लोहे के पाइप से टच हो रहा था। रात में बारिश भी हुई थी इस कारण लोहे का पाइप पानी से गीला हो चुका था। इसी कारण उसमें करंट फैला और उस पाइप को पकड़ने से सुखनंदन करंट की चपेट में आ गये। परिजनों ने बताया कि रिटायर्ड एएसआई के दो पुत्र हैं।

# मादक पदार्थों के तस्कर का साथी भी फरार

**उज्जैन। चिमनगंज पुलिस ने बीते दिनों मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो गिरोह के चार तस्करों को गिरफ्तार किया था। राजीव नगर मैदान से 307 ग्राम एमडी ड्रग के साथ एक बदमाश को भी पकड़ा था। इसी ने उज्जैन में ही बेकरी संचालित करने वाले एक साथी का नाम भी बताया था। दोनों मुंबई के अंधेरी में रहने वाले तस्कर से एमडी ड्रग लेकर आए थे। गुरुवार को पुलिस मुंबई गई थी, जहां से वह खाली हाथ लौटी है।बता दें कि चिमनगंज पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर राजीव नगर स्थित मैदान में कार एमपी 13 सीई 3785 में एमडी ड्रग लेकर उसे बेचने के लिए खड़े शमशीर मुल्तानी पुत्र मोहम्मद सादिक निवासी मोहन नगर को गिरफ्तार किया था। आरोपित के कब्जे से पुलिस ने 307 ग्राम एमडी ड्रग बरामद किया है।आरोपित के पास से दो मोबाइल भी जब्त किए थे। उसने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह एक माह पूर्व अपने साथी शोएब के साथ मुंबई गया था। शोएब उज्जैन में तोपखाना क्षेत्र में बेकरी का संचालन करता है। दोनों मुंबई के अंधेरी क्षेत्र में बाबा नामक तस्कर से एमडी ड्रग लेकर आए थे। जिसे उज्जैन में बेचना था।आरोपित शमशीर 12 अप्रैल तक रिमांड पर है। जबकि पुलिस पुलिस बाबा की तलाश में मुंबई गई थी। यहां आरोपित ड्रग सप्लायर पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया। पुलिस शमशीर के साथी शोएब की तलाश में भी कई जगह छापेमारी कर रही है। हालांकि वह पुलिस गिरफ्त में नहीं आया है। पुलिस ने कानीपुरा मल्टी के समीप से दीपक पुत्र प्यारेलाल निवासी मोहन नगर हाल मुकाम निवासी तिरुपति धाम एक्सटेंशन, विवेक पुत्र सुनील निवासी नंदा नगर इंदौर एवं चेतन पुत्र देवीशंकर निवासी अमृत पैलेस निपानिया इंदौर हाल मुकाम आगर नाका को गिरफ्तार किया था। आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने 36 ग्राम ब्राउन शुगर व तीन मोबाइल जब्त किए थे।आरोपित दीपक चिमनगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। वह वर्ष 2000 से अपराध कर रहा है। उसके खिलाफ कुल 42 मामले दर्ज हैं। उसे पूर्व में जिलाबदर किया जा चुका है। तीन माह पूर्व ही जेल से वह जमानत पर छूटा था। आरोपितों ने पुलिस को बताया कि शिकारी गली निवासी शेरू नामक बदमाश ने उन्हें ब्राउन शुगर सप्लाय की थी। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। हालांकि वह भी पुलिस गिरफ्त से दूर है।**

# ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान रेल यात्रियों को मिलेगी सुविधा

उज्जैन। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर रेलवे द्वारा अनेक विशेष ट्रेन का संचालन किया जाएगा। इनमें से अधिकांश ट्रेन रतलाम मंडल के कई प्रमुख शहरों से होकर निकलेंगी। इससे यात्रियों को लाभ होगा।रतलाम मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव के साथ सिकंदराबाद से उदयपुर सिटी के मध्य 07123/07124 सिकंदराबाद उदयपुर सिटी स्पेशल एक्सप्रेस का परिचालन किया जाएगा। इस ट्रेन के दोनों दिशाओं में दो-दो फेरों का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 07123 सिकंदराबाद उदयपुर सिटी स्पेशल 16 एवं 23 अप्रैल, मंगलवार को 23.50 बजे चलकर रतलाम मंडल के शुजालपुर (22.57/22.59, बुधवार), उज्जैन (00.40/00.45, गुरूवार) एवं नागदा (02.00/02.15) होते हुए गुरुवार को 17.45 बजे उदयपुर सिटी पहुंचेगी।इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07124 उदयपुर सिटी सिकंदराबाद स्पेशल 20 एवं 27 अप्रैल, शनिवार को उदयपुर सिटी से 16.05 बजे चलकर रतलाम मंडल के नागदा (07.25/07.40, शनिवार), उज्जैन (09.00/09.05) एवं शुजालपुर (11.00/11.02) होते हुए सोमवार को सुबह 09.45 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी।इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में बोलारम, मेडचल, कामारेड्डी, निजामाबाद, बासर, मुदखेड़, नांदेड़, पूर्णा, बसमत, हिंगोली डेक्कन, वाशिम, अकोला, मलकापुर, खंडवा, इटारसी, भोपाल, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन, नागदा, शामगढ़, कोटा, सवाई माधोपुर, जयपुर, अजमेर, नसिराबाद, बिजयनगर, भीलवाड़ा, मावली एवं राणाप्रताप नगर स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी कम सेकंड एसी, सेकंड एसी, छ थर्ड एसी, स्लीपर एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे।09097 बान्द्रा टर्मिनस-श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा स्पेशल 21 अप्रैल से 30 जून तक हर रविवार को 09.50 बजे चलकर सोमवार सुबह 7.25 बजे रतलाम होकर मंगलवार सुबह 10 बजे वैष्णोदेवी कटरा पहुंचेगी। 09098 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा-बान्द्रा टर्मिनस स्पेशल 23 अप्रैल से 2 जुलाई तक श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा से हर मंगलवार को 09.40 बजे चलकर बुधवार रात 10.38 बजे रतलाम होकर गुरुवार सुबह 10.10 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुंचेगी। इसमें थर्ड एसी इकोनॉमी एवं एसी चेयरकार श्रेणी के कोच रहेंगे।09525 हापा-नाहरलगुन स्पेशल 17 अप्रैल से 26 जून तक हापा से प्रति बुधवार को रात 12.40 बजे चलकर दोपहर 12.55 रतलाम, 01.5 बजे नागदा, 3.05 बजे उज्जैन होकर शुक्रवार शाम 4 बजे नाहरलगुन पहुंचेगी। वापसी में 09526 नाहरलगुन-हापा स्पेशल 20 अप्रैल से 29 जून तक नाहरलगुन से हर शनिवार को 10 बजे चलकर सोमवार सुबह 8.45 बजे उज्जैन, 9.38 बजे नागदा, 10.20 बजे रतलाम होकर मंगलवार रात 12.30 बजे हापा पहुंचेगी। इसमें सेकंड एसी, थर्ड एसी, स्लीपर एवं सामान्य श्रेणी एवं एसएलआर सहित कुल 22 कोच रहेंगे।09183 मुंबई सेंट्रल-बनारस स्पेशल 17 अप्रैल से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को रात 10.50 बजे मुंबई सेंट्रल से चलकर गुरवार सुबह 8.40 बजे रतलाम होकर शुक्रवार सुबह 10.15 बने बनारस पहुंचेगी। 09184 बनारस-मुंबई सेंट्रल 19 अप्रैल 28 जून तक बनारस से प्रति शुक्रवार को दोपहर 2.30 बजे चलकर शाम 5.45 बजे रतलाम होकर रविवार सुबह 4.20 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। इसमें फर्स्ट एसी, सेकंड एसी, थर्ड एसी, थर्ड एसी इकोनॉमी श्रेणी के कोच रहेंगे।गाड़ी संख्या 09117 सूरत सुबेदारगंज स्पेशल, जिसका अंतिम फेरा 12 अप्रैल निर्धारित है, अब 28 जून तक सूरत से प्रति शुक्रवार को चलेगी।गाड़ी संख्या 09118 सुबेदारगंज सूरत स्पेशल, जिसका अंतिम फेरा 13 अप्रैल निर्धारित है अब 29 जून तक सुबेदारगंज से प्रति शनिवार को चलेगी। इसके आगमन-प्रस्थान समय, ठहराव, कोच कंपोजिशन एवं ट्रेन चलने के दिन में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# चिड़ार किंग ने जीता श्री चिड़ार समाज द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट

उज्जैन। श्री चिड़ार समाज द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें चिड़ार किंग और चिड़ार आर्मी के बीच मुकाबला हुआ। 10-10 ओवर के दो मैच खेले गये। दोनों ही मैच में चिड़ार किंग विजेता रही। मैच में रवि चड़ार ने हैट्रिक मारते हुए लगातार 3 गेंद पर 3 छक्के मारे वहीं दूसरे मैच में आनंद बरहा 50 रन बनाकर नाबाद रहे।

टूर्नामेंट संयोजक कमलेश धंधेरे एवं सचिन मगरे ने बताया कि कृष्णकुमार चंदेल की कप्तानी में चिड़ार किंग में हरिकिशन चंदेल, भावेश गोईया, कमलेश धंधेरे, रवि चढ़ार, आनंद बरहा, मोहन चंदेल, अजय आठिया, नारायण आठिया, अजय मगरिया ने मैच खेला। वहीं देव चंदेल की कप्तानी में चिड़ार आर्मी में प्रेमनारायण बरहा, सोनू आठिया, अनिल आठिया, देवीसिंह गोईया, संदीप हनुमन्तैया, रवि आठिया, अमन आठिया, रितिक आठिया, शैलेन्द्र हनुमन्तैया ने मुकाबला किया। पहले मैच में चिड़ार आर्मी की टीम ने 86 रन बनाये इस लक्ष्य को पाकर चिड़ार किंग ने जीत हासिल की। दूसरे मैच में चिड़ार किंग ने बल्लेबाजी करते हुए 104 रन बनाए जिसका पीछे करते हुए चिड़ार आर्मी 50 रन पर ही ढेर हो गई। सचिन मगरे ने बताया कि इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद समाजजनों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम संयोजक धर्मेन्द्र गोईया और मोहन चंदेल ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से श्री चिड़ार समाज द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसे और आकर्षक बनाने हेतु समाज संरक्षक पुरषोत्तम मगरे, पूर्व अध्यक्ष भगवानदास ब्रामनिया, प्रेमनारायण आठिया ने आश्वस्त किया कि आगामी समय में चिड़ार समाज द्वारा किये जाने वाली क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेताओं को आकर्षक ट्रॉफी के साथ ही मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बेट्समेन के साथ ही अन्य पुरस्कार भी प्रदान किये जाएंगे।


आवश्यकता है

- न्यूज एंकर
- सोशयल मीडिया हैंडलर
- कैमरा मैन
- रिपोर्टर

की तत्काल आवश्यकता है।
सैलरी योग्यतानुसार-
मोबाईल नं.-
94253 12555


मुद्रक, प्रकाशन, प्रधान संपादक-घनश्याम पटेल द्वारा 97 ए, निकास रोड़ उज्जैन से प्रकाशित व भगवती ऑफसेट 44,बहादुरगंज उज्जैन से मुद्रित,फोन-0734-4218273, इंदौर कार्यालय सी-4/2 ओल्ड पलासिया पी.डब्ल्यू.डी. बंगला-18,इंदौर। फोन-0731-4239766,Email-shabdsaroverindujjain@gmail.com,आर.एन.आई.नं.56481/92, पो.रजि.नं.- एल-2/65/आरपीएन/390/2023-2025, स्थानीय संपादक-जोगेश गोविंदानी।(समाचार चयन के लिए पीआरबीएक्ट के तहत जिम्मेदार)।